आषाढ़ शुक्ल पक्ष दशमी संवत् 2082 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-09, अंक-03 पेज 8, मूल्य 2 रुपए
डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
05 जुलाई 2025 शनिवार

बेबाक खबर हर दोपहर
# दोपहर मेट्रो

आज का मौसम
25 अधिकतम
18 न्यूनतम



Page-7

## राजधानी -पानी, कितनी परेशानी...



भोपाल पर भी मानसून जबर्दस्त मेहरबान है लेकिन प्रशासनिक तैयारी नाकाफी नजर आ रही हैं। शहर के नये और पुराने हिस्सों में थोडी सी बरसात यह नजारा पैदा कर देती है।

# बारिश का सिस्टम स्ट्रांग और व्यवस्थाओं का सिस्टम वीक!

भोपाल दोपहर मेट्रो

मप्र के कई हिस्सों में बेहद स्ट्रॉन्ग बारिश का सिस्टम के एक्टिव होने से बाढ़ के हालात हैं। नरसिंहपुर में स्टेट हाईवे-22 पर पुलिया धंस गई, जिससे रास्ता बंद हो गया। जिले में रस्सी के सहारे लोग शक्कर नदी पार कर रहे हैं। वहीं, डिंडौरी में जबलपुर-अमरकंटक नेशनल हाईवे पर खेत की मिट्टी बहकर आ गई। यहां वाहन कीचड़ में फंस रहे हैं। इस वक्त पूर्वी हिस्से यानी, जबलपुर, रीवा, सागर और शहडोल संभाग में स्थिति बिगड़ी हुई है। यहां नदी-नाले उफान पर है। मंडला, डिंडौरी, टीकमगढ़ में घरों में पानी घुस गया है। 28 जिलों में अति भारी या भारी बारिश का ऑरेंज-



यलो अलर्ट है। अगले 4 दिन भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। आज मंडला और डिंडौरी में स्कूलों की छुट्टी है।

मौसम विभाग के अनुसार,जबलपुर, मंडला से लेकर बैतूल, सीहोर, रायसेन और नर्मदापुरम भोपाल,उज्जैन तक अति भारी बारिश की चेतावनी दी है। अगले 24 घंटे में इन जिलों में 8 इंच तक पानी गिर सकता है।

## सरकार इरादतन टाल रही ओबीसी आरक्षण : कांग्रेस

**भोपाल।** सुप्रीम कोर्ट में ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण दिए जाने को लेकर हुई सुनवाई के बाद आज कांग्रेस ने मोहन यादव सरकार को घेरते हुए आरोप लगाया कि सरकार जानबूझकर इसे टाल रही है और सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद भी इसके आदेश जारी नहीं किए जा रहे हैं। सरकार सुप्रीम कोर्ट में भी इस मामले में जानकारी नहीं दे रही है। आज यहां पीसीसी चीफ जीतू पटवारी, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, पूर्व मंत्री सचिन यादव और अधिवक्ता वरुण ठाकुर ने इस मामले में मीडिया से चर्चा में सरकार पर ओबीसी वर्ग के साथ अन्याय करने का आरोप लगाया है।

## वैज्ञानिक नाराज, कहा -यह शर्म की बात

# आसमान से गिरा पत्थर, 34 करोड़ रुपए में होगा नीलाम

नई दिल्ली एजेंसी

कभी कभी आसमान से गिरा कोई पत्थर हीरे से भी ज्यादा कीमती हो जाता है। यह बात अब मंगल ग्रह का एक पत्थर साबित कर रहा है,जो 34 करोड़ रूपये में बिक सकता है। यह मंगल ग्रह का अब तक का सबसे बड़ा टुकड़ा है, जिसे ह्ळ्ब 16788 उल्कापिंड के नाम से जाना जाता है। इसकी नीलामी 16 जुलाई को न्यूयॉर्क के सोथबी नाम के मशहूर नीलामीघर ऑफिस में होगी। खबरों के मुताबिक नवंबर 2023 में नाइजर के अगाडेज इलाके में एक वैज्ञानिक को अनोखा पत्थर मिला। इसका वजन 24 किलो था। यह मंगल ग्रह से गिरने वाले उल्कापिंडों की तुलना में बहुत बड़ा है। इस चट्टान की कीमत 17 करोड़ से 34 करोड़ रुपये के बीच तय की गई है। अब तक पृथ्वी पर 77 हजार उल्कापिंड गिरे, जिसमें मंगल ग्रह के केवल 400 उल्कापिंड हैं। इसीलिए इसकी नीलामी इतनी खास है। एक तरफ जहां कुछ



लोग इस उल्कापिंड की नीलामी का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, वहीं कुछ वैज्ञानिक इस दुर्लभ चट्टान की नीलामी पर अपनी नाराजगी जता रहे हैं।

स्कॉटलैंड के एडिनबर्ग विश्वविद्यालय में प्रोफेसर स्टीव ब्रुसेट ने दुख जाहिर किया। उन्होंने कहा- यह शर्म की बात होगी अगर यह उल्कापिंड सार्वजनिक अध्ययन और आनंद के लिए संग्रहालय में प्रदर्शित होने के बजाय किसी अमीर व्यक्ति की तिजोरी में समा जाए।

## त्रिभाषा फार्मूला व मराठी मानुष विवाद के बीच बड़ा सियासी घटनाक्रम

# 20 साल बाद ठाकरे परिवार साथ, कोई महाराष्ट्र को तिरछी नजर से नहीं देखेगा

मुंबई एजेंसी

महाराष्ट्र की सियासत में आज का दिन बेहद अहम बन गया है। हिंदी विवाद को लेकर जारी बहस और विवादों के बीच यह देश की राजनीति के लिये भी काफी महत्वपूर्ण है। लंबे समय से जिस तस्वीर को लेकर कयासबाजी थी, वह यहां देखने को मिली है। आज बीस साल बाद उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे एकसाथ एक मंच पर दिखे, वो भी परिवार के साथ में। दोनों भाई ने वर्ली में मराठी विजय दिवस मनाने के नाम पर मंच साझा किया। राज ने अपने अंदाज में जोशीला भाषण दिया व कहा कि ये त्रिभाषा सूत्र कहा से लेकर आए छोटे-छोटे बच्चों से जबरदस्ती करोगे क्या? महाराष्ट्र को कोई तिरछी नजर से नहीं देखेगा। हिंदी अच्छी भाषा है, सारी भाषा अच्छी हैं, यदि किसी की हिम्मत है तो मुंबई पर हाथ डालकर देख लें।

ठाकरे ने कहा कि हमारे बच्चे इंग्लिश मीडियम जाते है तो हमारे मराठी पर सवाल उठते है, आडवाणी मिशनरी स्कूल में पढ़े है तो क्या उनके हिंदुत्व पर सवाल उठाए? हम हिंदी थोपना बर्दाश्त नहीं करेंगे। वे( भाजपा ) मुंबई को



महाराष्ट्र से अलग करना चाहते हैं, यही उनका एजेंडा है। ठांकरे ने कहा कि कई भाजपा नेताओं ने अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाई की है तो क्या किसी को उनके हिंदुत्व पर संदेह है? राज ने कहा कि आज 20 साल बाद मैं और उद्धव साथ आए हैं, जो बालासाहेब नहीं कर पाए, वो देवेंद्र फडणवीस ने कर दिखाया, यानि हम दोनों को साथ कर दिया।

उधर शिवसेना ( यूबीटी ) सांसद संजय राउत ने कहा कि यह महाराष्ट्र में हम सभी के लिए एक त्यौहार की तरह है हमारी इच्छा रही है कि हमें उन लोगों से लड़ना चाहिए जो महाराष्ट्र के लोगों के खिलाफ हैं।

## सीएम का युवा संवाद, शेजवार से 'बात'

**भोपाल।** मुख्यमंत्री मोहन यादव अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस पर सहकारी युवा संवाद में शामिल हुए । उन्होंने सहकारिता की भावना का महत्व व ताकत युवाओं को समझाई। उनके साथ सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग भी मौजूद रहे। युवाओं को सहकारिता की अवधारणा एवं विकास, सहकारिताओं के प्रकार, सहकारिता की वैधानिक पृष्ठभूमि, सहकारी सेक्टर में स्वरोजगार की संभावनाएं और सहकार से समृद्धि योजना का विवरण एवं प्रगति के बारे में जानकारी दी जायेगी। इस दौरान राज्य सहकारी संघ द्वारा क्रियान्वित भारत सरकार हस्तशिल्प विभाग के सीएचसीडीएस स्कीम के हस्तशिल्प प्रशिक्षणार्थियों को टूलकिट वितरण भी हुआ। इससे पहले सीएम यादव ने पूर्व मंत्री गौरीशंकर शैजवार के निवास पर पहुंचकर उनसे मुलाकात की, फिर वे विधायक रामेश्वर शर्मा को जन्मदिन की बधाई देने पहंचे। आज दोपहर बाद सीएम ग्वालियर जा रहे हैं, जहां वे सामाजिक समरसता कार्यक्रम में शामिल होंगे तता विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण करेंगे। उनके साथ केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया भी मौजूद रहेंगे।





**वन बिग ब्यूटीफुल कानून**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने व्हाइट हाउस में आयोजित एक पिकनिक के दौरान टैक्स राहत और सरकारी खर्च में कटौती से संबंधित विधेयक 'वन बिग ब्यूटीफुल' पर हस्ताक्षर कर दिए है. इसके साथ ही अब 'वन बिग ब्यूटीफुल' बिल कानून बन गया। इसे ट्रंप की आर्थिक नीति में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है,इससे कर कम और अनावश्यक खर्च कटौती बढेगी। हालांकि इस कानून को लेकर ही ट्रंप की अरबपति इलान मस्क से दोस्ती भी टूटी है।

## मोदी अर्जेंटीना में, लिथियम सप्लाई पर समझौता संभव

**ब्यूनस आयर्स,एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज दो दिन के दौरे पर अर्जेंटीना पहुंच गए हैं। यहां होटल पहुंचने पर भारतीय समुदाय के लोगों ने उनका स्वागत किया। पीएम बनने के बाद मोदी का यह दूसरा अर्जेंटीना दौरा है। मोदी और अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर जेवियर मिलई के बीच आज द्विपक्षीय बातचीत होगी। इसके अलावा वो भारतीय मूल के लोगों को संबोधित करेंगे। मोदी की यात्रा के दौरान भारत-अर्जेंटीना के बीच डिफेंस, एग्रीकल्चर, एनर्जी, परमाणु सहयोग, व्यापार और निवेश पर चर्चा हो सकती है। दोनों देशों में लिथियम सप्लाई पर भी समझौता संभव है। अर्जेंटीना के पास दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा लिथियम भंडार है। मोदी इन दिनों पांच देशों की यात्रा पर हैं। वे घाना, त्रिनिदाद एंड टोबैगो के बाद अर्जेंटीना पहुंचेंगे। इसके बाद उनका अगला पड़ाव ब्राजील है।



## विपक्ष नीतीश सरकार पर हमलावर

# बड़े बिजनेसमैन को गोली मारी, पुलिस को पहुंचने में लगा डेढ़ घंटा

पटना एजेंसी

बिहार की राजधानी पटना के गांधी मैदान इलाके में बड़े बिजनेसमैन गोपाल खेमका की देर रात गोली मारकर हत्या के बाद सनसनी और सियासत चल रही है। पुलिस शव का पोस्टमार्टम करा रही है तथा आरोपियों की तलाश में है। जांच के लिए एसआईटी गठित की गई है। खेमका पटना के मगध अस्पताल के मालिक भी थे, उनके बेटे गुंजन खेमका की भी हत्या वैशाली के औद्योगिक थाना इलाके में अपराधियों ने 6 वर्ष पहले कर दी थी. जिसके बाद



काफी बवाल। बताया जाता है कि खेमका अपने आवास पनास होटल के पास एक अपार्टमेंट में अपनी कार से जैसे ही उतरे, अपराधियों ने उन्हें गोली मार दी। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। परिजनों ने आरोप लगाया कि हत्या के करीब डेढ़ घंटे तक पटना पुलिस नहीं पहुंची। पटना एसएसपी का मोबाइल भी बंद पाया गया। वारदात के बाद रात करीब साढ़े 11 बजे से सुबह सात बजे तक पटना एसएसपी घटनास्थल पर नहीं पहुंचे। देर रात सांसद पप्पू यादव घटनास्थल आए। विपक्षी दल इसे पटना में जंगलराज बता रहे हैं।

## कार चालक को भीड ने पीटकर मार डाला, तनाव भड़का

**भीलवाड़ा एजेंसी।** आलू प्याज के ठेले से एक कार टकराने के बाद लोगों ने कार चालक की पीट-पीटकर हत्या कर दी, अब इससे सांप्रदायिक तनाव जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई। युवक की हत्या की खबर सुनते ही बड़ी संख्या में लोग अस्पताल के बाहर पहुंच गए और हंगामा कर दिया। बताया जाता है कि युवकों की कार अल्पसंख्यक समुदाय के धार्मिक स्थल के पास एक आलू प्याज के ठेले से टकराई थी, जिससे गुस्साए लोगों ने कार चालक युवक को पीट-पीट कर मार डाला। बताया जाता है कि पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और पूरा इलाका अभी छावनी बना हुआ है।

**मेट्रो एंकर**

## दिल्ली की सीएम के नए आवास की सजावट पर भारी भरकम खर्च

# शीशमहल को मुद्दा बनाने वाले अब मायामहल पर घिरे..

नई दिल्ली, एजेंसी

कभी दिल्ली के सीएम केजरीवाल के बंगले और उसकी सजावट पर बवाल काट रही व शीशमहल करार देने वाली भाजपा अब अपनी मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के सरकारी बंगले के मामले में बचे बवाल के बाद परेशान है। दरअसल लोक निर्माण विभाग ने बंगले के लिए एक टेंडर जारी किया है। इसमें सीएम हाउस के रेनोवेशन में ही 60 लाख रुपये का टेंडर है। अब आम आदमी पार्टी वे कांग्रेस रेखा गुप्ता को घेर रही हैं। आप ने तो इस बंगले को माया महल बुलाना भी शुरू कर दिया है। बताया जाता है कि रेखा गुप्ता को दो बंगले आवंटित हुए हैं, इनमें से पीडब्ल्यूडी ने बंगला नंबर-1 के लिए रेनोवेशन का टेंडर जारी किया है। यहां मुख्यमंत्री रेखा रहेंगी। दूसरा बंगला कैंप ऑफिस के तौर पर इस्तेमाल किया



जाएगा। बंगला नंबर-1 को लेकर खास बात यह है कि पहले यहां दिल्ली के उपराज्यपाल का दफ्तर था। इसके चलते बंगले में कमरों को अलग-अलग केबिन में बांट दिया गया था। ताकि कर्मियों के क्यूबिकल्स बनाए जा सकें।

गौरतलब है कि रेखा गुप्ता मुख्यमंत्री बनने के बाद से अब तक अपने परिवार के साथ अपने शालीमार बाग स्थित निजी निवास पर रह रही हैं। वे कुछ समय पहले लुटियंस दिल्ली में घर ढूंढ रही थीं, लेकिन पीडब्ल्यूडी के पास केंद्र सरकार के प्रबंधन के अंतर्गत आने वाले बंगलों से बदलने के लिए कोई ढंग का बंगला नहीं था। अब टेंडर के मुताबिक, 60 लाख रुपये का जो टेंडर जारी हुआ है, उसमें खर्च सिर्फ इलेक्ट्रिकल और इंटीरियर फिटिंग से जुड़े काम कराए जाने हैं। रिपोर्ट्स में कहा गया है कि राजनिवास पर सीएम रेखा गुप्ता को जो बंगला मिला है, वह टाइप-7 का बंगला है। इसमें चार बेडरूम, ड्रॉइंग रूम, बिजनेस हॉल, एक कॉमन हॉल, आगंतुकों के लिए एक विजिटर हॉल, हाउस हेल्प के लिए कमरा, सभी में बाथरूम, एक बड़ा लॉन, किचन और घर के पीछे एक बैक यार्ड शामिल है।

### 14 एसी, 23पंखे व स्मार्ट टीवी...

जिस बंगले का रेनोवेशन होना है, वहां पहले चरण में 2 टन वाले 14 एसी लगाए जाने हैं, जिनका खर्च 7.7 लाख रुपये तय किया गया है। इसके अलावा पांच स्मार्ट टीवी लगाए जाने हैं, जिनके लिए 9.3 लाख रुपये दर्शाए गए हैं। इसके अलावा 6.03 लाख की लाइटें लगाई जानी हैं। बंगले में सुरक्षा के लिए 14 सीसीटीवी भी लगाए जाने हैं, जिनके लिए 5.73 लाख रुपये अलग से तय किए गए हैं। दूसरी तरफ बंगले में छत पर लगने वाले 23 प्रीमियम पंखे (सीलिंग फैन) लगेंगे। बंगले में डेकोरेटिव लाइट्स लगाई जाएंगी। दीवार पर लगने वाली लाइट्स, हैंगिंग लाइट्स, तीन बड़े झूमर शामिल रहेंगे। इसमें 6.03 लाख का खर्च तय किया गया है।

## मप्र में महिलाओं को काम की आजादी

**भोपाल दोपहर मेट्रो।** अब मप्र में महिलाओं को एक और आजादी मिली है, यह काम की आजादी है। महिलाएं औद्योगिक कारखानों, शॉपिंग मॉल व अन्य व्यावसायिक प्रतिठानों में नाइट शिफ्ट में भी काम कर सकेंगी। श्रम विभाग ने आदेश जारी कर नियोक्ताओं से कहा है महिलाओं के लिए सुरक्षा के विशेष इंतजाम करने होंगे व परिवहन सुविधा देनी होंगी। शापिंग माल व दुकानों में रात नौ बजे से सुबह 7 बजे तक काम के लिए नियोजकों को महिला श्रमिकों की लिखित सहमति लेनी होगी तथा कम से कम 5 महिला के समूह में ही उन्हें काम पर लगाया जा सकेगा। कार्यस्थल पर सुरक्षित वातावरण, शौचालय, वॉशरूम, पेयजल और विश्राम कक्ष सुविधाएं देनी होंगी जबकि कारखानों में रात 8 से सुबह 6 बजे तक महिलाओं को काम की अनुमति उक्त सुविधा के अलावा जरूरी सुरक्षा उपायों के साथ देनी होंगी।

### मास्टर ट्रेनर की तलाश



मप्र कांग्रेस के प्रशिक्षण विभाग ने राज्य स्तरीय चयन इंटरव्यू शुरकिये हैं। इसमें करीब दो सौ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाग लिया, जिनमें से सौ प्रशिक्षकों का चयन किया जाएगा। यह ट्रेनर जिलों में जाकर अन्य कार्यकर्ताओं को दक्ष करेंगे। इसके लिये साक्षात्कार में महेंद्र जोशी अनुमा आचार्य, निधि चतुर्वेदी, ललित सेन, आनंद जाट, अवनीश भार्गव एवं इरफ़ान खान मौजूद रहे।

### अध्यक्ष की गारंटी




जपा के नवागत प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कार्यालय में कार्यरत कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया और कहा कि सभी कर्मचारियों के लिए मेडिकल क्लेम और बीमा की सुविधा सुनिश्चित की जाएगी। यदि कर्मचारियों के बच्चों को स्कॉलरशिप मिलती है, तो पार्टी उन्हें आगे की पढ़ाई के लिए हरसंभव आर्थिक मदद प्रदान करेगी। यदि किसी को बैंक लोन की आवश्यकता होगी तो मैं स्वयं गारंटी देने को तैयार हूं,

### दावा-जेट पैचर तकनीक से भरे जाएंगे गड्ढे, राजधानी में पहला डेमो

## शहरों में खस्ताहाल सड़कों से फजीहत

# नई तकनीक का दिलासा लेकर हाजिर हुए अफसर

दोहपर मेट्रो, भोपाल।

**मप्र में सड़कों की हालत बारिश के दौरान ज्यादा ही खराब हो जाती है और हर बार जिम्मेदार सड़क निर्माण एजेंसी नए तर्क और तकनीक के साथ हाजिर हो जाती है, इसी तरह अब शहरों में अब सड़कों के गड्ढे जेट पैचर तकनीक से भरे जाने की बात कही जा रही है। देश के कई बडे शहरों में इस तकनीक का इस्तेमाल किया जाता है। अब इसका पहला डेमोन्स्ट्रेशन राजधानी के ई 7 इलाके में हुआ। नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग के आयुक्त संकेत भोंडवे ने खुद डेमोन्स्ट्रेशन देखा। दावा है कि इस तकनीक से गड्?ढा 5 मिनट में ही भर जाएगा और फिर ट्रैफिक दौड़ने लगेगा। इस वक्त बारिश के पहले ही दौर में राजधानी भोपाल में सड़को के बहुत बुरे हाल देखने को मिले हैं। सड़क पर एक से डेढ़ फीट तक के गड्?ढे हैं। इस कारण लाखों लोग रोज परेशान हो रहे हैं। ऐसे में भोपाल में जेट पैचर तकनीक का डेमोन्स्ट्रेशन का फंडा लाया गया है।**

आयुक्त भोंडवे ने कहा कि जेट पैचर तकनीक से नगरीय क्षेत्रों में कम समय व परिशुद्धता के साथ सड़कों के गड्ढ़े भरे जाएंगे। इस मौके पर निगम की अपर आयुक्त टीना यादव, नगरीय प्रशासन एवं विकास संचालनालय के प्रमुख अभियंता प्रदीप मिश्रा, अधीक्षण यंत्री जीवेंद्र सिंह, निगम के अधीक्षण यंत्री सुबोध जैन भी मौजूद थे। आयुक्त भोंडवे ने बताया कि बारिश के दिनों में गड्ढे भरने में दिक्कतें होती थीं, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। यह एक टेक्नोलॉजी के साथ शुरुआत है। अभी हमने काम शुरू किया है। इसे एक-एक करके आगे बढ़ाएंगे।



### सड़कें पहले ही बारिश में दे चुकी हैं जवाब

उल्लेखनीय है कि अभी भोपाल में यह आलम है कि सड़कें पहली ही बारिश में जवाब दे चुकी हैं। सड़कों पर गिट्टियां निकलनी शुरू हो गई है। कुछ क्षेत्रों में तो गढ्ढे हो गए है। वाहनों की अभी से फजीहत हो ही है। जैसे ही बारिश थमेगी और मौसम खुलेगा, धूल का स्तर लोगों को परेशानी में डालेगा। विशेषज्ञों की माने तो सड़कें दो तरह से लोगों को कमजोर करती हैं एक तो खराब सड़कों पर चलने से शरीर में कई तरह की असुविधा होती है, डॉक्टरों के पास भागना पड़ता है। जहां जाने के लिए निकले होते हैं, वहां पहुंचने में समय भी लग जाता है। इसके अलावा जिस वाहन से चलते हैं, वह भी खराब सड़कों की वजह से खस्ताहाल होने लगता है।

### कोल्ड डामर की इस्तेमाल

बताया जाता है कि जेट पैचर सड़क मरम्मत की एक तकनीक है, जो मुख्य रूप से गड्ढों, किनारों के टूटने और दरारों जैसी सड़क की क्षति को ठीक करने के लिए उपयोग की जाती है। यह एक स्व-निहित वाहन है, जो धूल, मलबा और नमी हटा देती है। गड्?ढे में मिश्रण भरने के लिए कोल्ड-एप्लाइड बिटुमेन इमल्शन और एग्रीगेट का उपयोग करता है। यह सब एक ही डिलीवरी नली से किया जाता है। दिल्ली से आए मशीन एक्सपर्ट गौरव सहगल ने कहा कि यह पोथोले पैचर मशीन है। इसमें तुरंत काम होता है। अभी हमने पैच लगाया और 5 मिनट बाद ट्रैफिक शुरू कर दिया। कोल्ड डामर से सड़क के गड्ढे भरे गए।

### मप्र में ओबीसी आरक्षण का मामला

# 13 फीसद पद होल्ड..सरकार से सुप्रीम कोर्ट ने मांगा जवाब

दोहपर मेट्रो, भोपाल।

**मप्र में पांच साल से विवाद व सियासत का विषय बना अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए 27 फीसदी आरक्षण लागू करने के मामले में सुप्रीम कोर्ट में अब मध्यप्रदेश के मुख्य सचिव से एफिडेविट मांगा है कि जो 13 फीसद पद होल्ड हैं, उन पर नियुक्तियों में क्या दिक्कत है। सरकार ने साल 2019 में ओबीसी को 27फीसद आरक्षण देने के लिए एक्ट पास किया गया था, लेकिन अमल में नहीं आ पाया। उल्लेखनीय है कि गत दिवस जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस आर महादेवन की बेंच ने इस मामले पर सुनवाई की। याचिकाकर्ता ओबीसी महासभा की ओर से एक बार फिर से मप्र की 51 प्रतिशत ओबीसी होने की दलील दी गई है। मामले में मप्र हाईकोर्ट से ट्रांसफर होकर करीब 70 याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट में पहुंची हैं, उन्हीं पर आगे सुनवाई होगी। हालांकि माना जा रहा है कि तत्काल आरक्षण देने संबंधी इस याचिका में अभी कोई राहत नहीं मिली है।**

ओबीसी आरक्षण वाले मामले सरकार का पक्ष 13 फीसद होल्ड पदों पर ज्वाइनिंग देने मामले में जो याचिका लगाई गई है उसमें कोर्ट ने बहस के दौरान कहा कि पहले से 50 से ज्यादा याचिकाएं कोर्ट में विचाराधीन हैं तो इस पिटिशन पर सुनवाई की जरूरत नहीं है। इस पर याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि 27त्न ओबीसी आरक्षण के मामले में कोई कानूनी रोक नहीं है। मध्यप्रदेश सरकार के विभिन्न विभागों में 27त्न के हिसाब से विज्ञापन जारी किए गए थे, लेकिन भर्ती में 13त्न पद होल्ड हैं। ऐसे में इस याचिका को सुना जाए। इस पर कोर्ट ने मध्यप्रदेश सरकार से जवाब मांगा है। कोर्ट ने इस याचिका की सुनवाई मेन पिटिशन में टैग कर दी है। इसकी सुनवाई मुख्य याचिका के साथ होगी।



### उम्मीदवारों को पांच साल से नहीं मिल रहा लाभ

जानकारी के मुताबिक सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं के वकील ने कहा कि एक्ट पास होने के बाद भी उम्मीदवारों को पांच साल से 27 फीसदी आरक्षण का लाभ नहीं दिया जा रहा है। सरकार 19 मार्च 2019 के हाईकोर्ट के एक पुराने अंतरिम आदेश का हवाला देकर आरक्षण से बच रही है। जबकि एक्ट पर कोई रोक नहीं है। इसे लागू किया जाए। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने इंदिरा साहनी केस की बात कही थी। 25 जून को हुई सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने वकील से ही पूछा था कि इंदिरा साहनी केस क्या है? इसमें आरक्षण की सीमा 50 फीसदी तय की हुई है। इस पर वकील ने कहा था कि मप्र में ओबीसी की आबादी 51 फीसदी है, लेकिन नौकरियों में केवल 13.66 फीसदी आरक्षण है। इसलिए सरकार ने 27 फीसदी का एक्ट पास किया और इस पर कोई स्टे नहीं है। केवल विधिक सलाह के बाद एक नोटिफिकेशन से इस आरक्षण को देने से रोक दिया गया। सरकार ने 87-13 फीसदी का फॉर्मूला लगा दिया। चार-पांच साल से यह 13 फीसदी आरक्षण रुका हुआ है।

# नर्सिंग घोटाला: फिर सरकार को घेरने की कोशिश में सिंघार: कहा- यह लापरवाही या मिलीभगत

दोहपर मेट्रो, भोपाल।

मप्र के बहुचर्चित नर्सिंग घोटाले को लेकर एक बार फिर विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने सरकार को घेरा है। पिछले साल भी इन्ही दिनों में यह मुद्दा काफी सुर्ख हुआ था। अब सिंघार ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि भाजपा का



'भ्रष्टाचार बचाओ अभियान' जारी है। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने नर्सिंग काउंसिल के चेयरमैन और सचिव को अवमानना नोटिस जारी किया है क्योंकि उन्होंने जानबूझकर फर्जी कॉलेजों की फाइलें पेश नहीं कीं। सिंघार ने लिखा कि हाईकोर्ट ने सीबीआई को भी जांच की सारी फाइलें सौंपने का आदेश दिया है लेकिन सवाल ये है कि पिछ्ली सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट में आईएनसी सचिव का कोर्ट में पेश न होना और अब चेयरमैन का भी न्यायालय के आदेश को अनदेखा



करना, क्या ये सिर्फ अफसरों की लापरवाही है या भ्रष्टाचारियों की मिलीभगत है? सिंघार ने कहा है कि नर्सिंग घोटाले की हकीकत यह है कि प्रदेश में बड़ी संख्या में फर्जी नर्सिंग कॉलेज खुले। बिना क्लास और बिना स्टाफ के अयोग्य लोगों को डिग्रियां बांट दी गईं। नर्सिंग शिक्षा के नाम पर शुरू हुए इन भ्रष्टाचार के अड्डों को सरकारी संरक्षण मिला। सिंघार के अनुसार उन्होंने सड़क से लेकर सदन तक लगातार नर्सिंग घोटाले पर सरकार से सवाल किए हैं।

### भाभा विवि व आईपीसीएस के बीच एमओयू

**भोपाल।** उद्योग और शिक्षा के बीच सहयोग को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए भाभा विश्वविद्यालय और आईपीसी एस ग्लोबल भोपाल के बीच एक समझौता ज्ञापन ) पर आज हस्ताक्षर किए गए। यह कार्यक्रम कॉलेज परिसर में आयोजित एक विशेष समारोह के दौरान संपन्न हुआ। यह छात्रों को औद्योगिक ऑटोमेशन, साइबर सुरक्षा, एम्बेडेड सिस्टम्स, जैसे तकनीकी क्षेत्रों में प्रशिक्षण, प्रमाणपत्र और उद्योग में प्रत्यक्ष अनुभव प्रदान करेगा। इसका उद्देश्य छात्रों की व्यावसायिक दक्षता और रोजगार योग्यताएं बढ़ाना है। कुलगुरू डॉ. दिलीप कुमार डे ने कहा, प्रतिस्पर्धी दौर में केवल किताबी ज्ञान पर्याप्त नहीं है।

# नलों में आ रहा बदबूदार पानी, भाजपा पार्षदों ने मोर्चा खोला, महापौर को लिखा पत्र

दोहपर मेट्रो, भोपाल।

राजधानी के कई इलाकों में इस बरसात के वक्त गंदे और बदबूदार पानी की सप्लाई हो रही है। इसे लेकर पार्षदों के पास भी शिकायतें पहुंच रही हैं। अब भाजपा पार्षद पप्पू विलास राव घाड़गे ने महापौर मालती राय को पत्र लिखा है। जिसमें पानी के पीने योग्य नहीं होने की बात भी कही गई है। पार्षद घाड़गे ने बताया कि पानी गंदा, बदबूदार और मटमैला आ रहा है। जिसमें सुधार करने के लिए महापौर को पत्र लिख कार्रवाई का आग्रह किया गया है।



बताया जाता है कि भाजपा पार्षद घाड़गे ने महापौर को लिखा है कि नर्मदा लाइन की पाइप लाइन से वार्ड-34 के जहांगीराबाद एवं आसपास के इलाकों में पानी की सप्लाई की जाती है। जहां कई दिन से बदबूदार पानी आ रहा है, जो पीने के योग्य नहीं है। इसे पीने से बीमारियां हो सकती हैं। जिसकी शिकायत लोगों ने की है। इसलिए पड़ताल की जाए कि आखिर इतना गंदा पानी क्यों सप्लाई हो रहा है? उन्होंने गंदे पानी के वीडियो भी उपलब्ध करवाए हैं। उधर वार्ड 40 में भी पानी को लेकर शिकायत हुई है। रहवासियों का कहना है कि नर्मदा जल में क्लोरिन की अधिक मात्रा मिलाई जा रही है। इस कारण जलन और उल्टी जैसे लक्षण सामने आ रहे हैं। बच्चे, बुजुर्ग और गर्भवती महिलाओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह, पुरस्कार वितरण




**हिरदाराम नगर।** कला लक्ष्मणदास वेंसीमल गनवानी फाउंडेशन स्कूल एवं केवलराम चैनराय पब्लिक स्कूल में मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें संत सिद्धभाऊजी ने बच्चों को सम्मानित किया। घनश्याम बूलचंदानी भी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। स्तुति भार्गव द्वारा विद्यार्थियों के साथ सरस्वती वंदना की। विद्यालय की प्राचार्या सुमन विश्वकर्मा ने स्वागत भाषण दिया। सिद्धभाऊ जी ने विद्यार्थियों से कहा कि आगे बढ़ने के लिए उन्हें नियमित पढ़ाई, योग और सूर्य नमस्कार को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। उन्होंने नरेंद्र मोदी जैसे महान व्यक्तित्वों का उदाहरण देते हुए कहा कि कठोर मेहनत, अनुशासन और समर्पण से आज के विद्यार्थी भी ऊँचाइयों को छू सकते हैं। भाऊ जी ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा – 卐विद्याधन को कोई चुरा नहीं सकता, अत: इसे अर्जित करें और समयबद्ध जीवनशैली अपनाएँ।

### टीचर्स की क्लास

### विद्यालय में आयोजित सम्मान कार्यक्रम में विशिष्टजनों ने किया सम्मानित

# पूर्व छात्र गौतम भम्भानी सेना में अधिकारी बने, हुआ सम्मान

दोहपर मेट्रो, हिरदाराम नगर

दीपमाला पागारानी संस्कार विद्यालय के पूर्व विद्यार्थी गौतम भम्भानी का भारतीय सेना में अधिकारी पद (सब लेफ्टिनेंट) पर चयन होने पर सम्मान किया गया। विद्यालय में आयोजित सम्मान कार्यक्रम में विशिष्ठजनों ने सम्मानित किया।

संस्था के सचिव बसंत चेलानी ने कहा कि हमारे विद्यालय के सत्र 2023-24 के इस विद्यार्थी ने बचपन में ही सेना में शामिल होने का संकल्प लिया था। यह गर्व की बात है कि उसका चयन आर्मी और नेवी दोनों में हुआ है। कर्नल नारायण पारवानी ने गौतम भम्भानी की उपलब्धि को असाधारण बताया। उन्होंने कहा कि जिस पद पर गौतम का चयन हुआ है, उसकी परीक्षा पास करना आसान नहीं है, इसके लिए बहुत कड़ी मेहनत की आवश्यकता होती है। संस्था के अध्यक्ष सुशील वासवानी और कोषाध्यक्ष चंदर नागदेव ने भी गौतम भम्भानी को बधाई दी।



इस अवसर पर गौतम भम्भानी ने कहा कि उन्होंने नर्सरी से 12वीं तक की शिक्षा इसी स्कूल से प्राप्त की है। अपनी सफलता का श्रेय उन्होंने स्कूल और शिक्षकों को देते हुए बताया कि वे इस परीक्षा में पहले तीन बार असफल रहे, लेकिन लगातार प्रयास से उन्हें यह सफलता मिली। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य आर. के. मिश्रा, प्रधानाचार्या मृदुला गौतम, कोऑर्डिनेटर सीमा शर्मा और समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने गौतम को बधाई दी।

### सिंधी पंचायत ने किया सम्मान

संतनगर युवा गौतम भम्भानी का भारतीय सेना में कमीशंड अफसर बनने पर पूज्य सिंधी पंचायत ने सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कर्नल नारायण पारवानी थे। पंचायत अध्यक्ष माधु चांदवानी ने संस्कार परिवार व कर्नल नारायण पारवानी का उनके प्रयासों के लिए धन्यवाद किया। कर्नल पारवानी ने गौतम की उपलब्धि को %10+2 टेक्निकल स्कीम के तहत कमीशंड अफसर बनने और निम्न आय वर्ग से आने के कारण और भी श्रेयस्कर बताया। कार्यक्रम में संस्कार स्कूल के बसंत चेलानी प्रमुख रूप से मौजूद रहे। पंचायत अध्यक्ष माधु चांदवानी, महासचिव नंद दादलानी, उपाध्यक्ष भरत आसवानी, जगदीश आसवानी, सह कोषाध्यक्ष माधव पारदासानी, घनश्याम लालवानी और हीरो हिन्दू सहित अन्य लोगों ने गौतम के परिवार के सदस्यों का शॉल व फूल मालाओं से स्वागत किया।




# सामाजिक समरसता कार्यक्रम

सायं 6:00 बजे | दत्तोपंत ठेंगड़ी सभागार, कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर

## विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण

अपराह्न 4:00 बजे | आई एस बी टी, ग्वालियर

मुख्य अतिथि

**डॉ. मोहन यादव**
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

गरिमामयी उपस्थिति

**ज्योतिरादित्य सिंधिया**
केन्द्रीय मंत्री, संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास

**नरेन्द्र सिंह तोमर**
अध्यक्ष, मध्यप्रदेश विधानसभा

5 जुलाई, 2025

### समरस समाज की स्थापना के सतत प्रयास

डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जन्मभूमि महू, महानिर्वाण स्थल दिल्ली, दीक्षा भूमि नागपुर, चैत्य भूमि मुंबई और शिक्षा स्थल लंदन 'मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना' में सम्मिलित

महू को अंतर्राष्ट्रीय स्थल के रूप में विकसित करते हुए **अम्बेडकर इंटरनेशनल रिसर्च सेंटर एवं स्मारक संग्रहालय का विकास** एवं महू रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर हुआ **अम्बेडकर नगर स्टेशन**

- डॉ. भीमराव अम्बेडकर कामधेनु योजना - स्व-रोज़गार के लिए डेयरी इकाई लगाने हेतु ₹42 लाख तक ऋण
- डॉ. भीमराव अम्बेडकर आर्थिक कल्याण योजना - अनुसूचित जाति के युवाओं को ₹1 लाख तक की स्व-रोज़गार अनुदान सहायता
- डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर उद्योग उदय योजना - एमएसएमई क्षेत्र में अनुसूचित जाति-जनजाति उद्यमियों को वित्तीय सहायता
- अम्बेडकर गौ-शाला विकास योजना - आधुनिक गौ-शालाओं हेतु 125-150 एकड़ शासकीय भूमि आवंटन
- डॉ. भीमराव अम्बेडकर मेधावी विद्यार्थी पुरस्कार योजना - अनुसूचित जाति के मेधावी विद्यार्थियों को 10वीं-12वीं में सर्वोच्च अंक लाने पर ₹30 हजार का पुरस्कार
- डॉ. भीमराव अम्बेडकर छात्रवृत्ति योजना - अनुसूचित जाति के मेधावी विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा छात्रवृत्ति एवं अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन हेतु अम्बेडकर फैलोशिप
- भोपाल में मध्यप्रदेश के सबसे लंबे फ्लाईओवर का नाम डॉ. अम्बेडकर के नाम पर रखा गया
- डॉ. बी.आर. अम्बेडकर वन्यजीव अभयारण्य - सागर में 258.64 वर्ग कि.मी. में प्रदेश का 25वां अभयारण्य

सीधा प्रसारण webcast.gov.in/mp/cmevents @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhypradesh @jansamparkMP JansamparkMP

D-11058/25

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025

## संपादकीय

# रोजगार के लिए कौशल की जरूरत

हाल में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन यानी ईएलआई योजना को मंजूरी दी है। इसकी घोषणा बजट में की गई थी। योजना इस बात की स्वीकारोक्ति है कि भारत की आर्थिक वृद्धि को उपयोगी रोजगार अवसरों के रूप में प्रतिफलित होना चाहिए। अभी श्रम शक्ति सर्वे के ताजा मासिक बुलेटिन के अनुसार श्रम शक्ति में महिलाओं की भागीदारी 33.2 फीसदी रही जो वैश्विक औसत से काफी कम है। युवाओं (15-29 वर्ष) की बेरोजगारी की दर 15 फीसदी थी। यह 5.6 फीसदी की कुल बेरोजगारी दर की तुलना में काफी अधिक है। इसके अलावा अधिकांश लोग असंगठित क्षेत्र में कम वेतन वाले काम कर रहे हैं। ईएलआई योजना का लक्ष्य औपचारिक रोजगार में सुधार करना है और इसके दो हिस्से हैं। पहला हिस्सा कर्मचारी भविष्य निधि संगठन में पहली बार पंजीकृत होने वाले कर्मचारियों के भविष्य निधि फंड में 15 हजार का भुगतान करने से संबंधित है। अधिकतम एक लाख रुपये तक के वेतन वाले कर्मचारी इसके पात्र होंगे और उनके खाते में यह राशि दो किस्तों में डाली जाएगी। उम्मीद है कि इस योजना से पहली बार नौकरी पाने वाले 1.92 करोड़ लोगों को लाभ होगा और कर्मचारियों में बचत की प्रवृत्ति भी पैदा होगी। दूसरा हिस्सा नियोक्ताओं को वित्तीय मदद मुहैया कराने से संबंधित है जिसके तहत हर नए तैयार होने वाले रोजगार की लागत का कुछ बोझ साझा किया जाएगा। सरकार नियोक्ताओं को हर नए कर्मचारी के लिए दो साल तक प्रति माह 3 हजार रुपये तक की प्रोत्साहन राशि देगी। विनिर्माण के क्षेत्र में इसे चौथे वर्ष तक बढ़ाया जाएगा। औपचारिक रोजगार तैयार करने के लिए निजी कंपनियों को प्रोत्साहित करने से लगभग 2.6 करोड़ लोगों के लिए अतिरिक्त रोजगार तैयार होने की उम्मीद है। कुल 99,446 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ इस योजना के जरिये दो साल में देश में करीब 3.5 करोड़ रोजगार तैयार होने की उम्मीद है। योजना विनिर्माण क्षेत्र पर केंद्रित है और जिससे पता चलता है कि यह केंद्र सरकार की रोजगार रणनीति के लिए कितनी अहम है। उम्मीद है कि ईएलआई जैसी लक्षित योजनाओं की मदद से विनिर्माण क्षेत्र बड़ी संख्या में कम कौशल वाले श्रमिकों को शामिल करेगा और उन्हें औपचारिक व्यवस्था में लाएगा। परंतु केवल इतना करने से बड़े पैमाने पर गुणवत्तापूर्ण रोजगार तैयार करने में देश की गहरी ढांचागत चुनौती को दूर करने में मदद नहीं मिलेगी। ढांचागत गतिरोध यानी कठोर श्रम कानूनों से लेकर कौशल प्रशिक्षण के कमजोर परिणामों तक तमाम बातें रोजगार को बाधित कर रही हैं। इंस्टीट्यूट फॉर कंपेटिटिवनेस द्वारा हाल ही में जारी स्किल्स फॉर द फ्यूचर रिपोर्ट के अनुसार 23-24 में लगभग 88 फीसदी कामगार कम योग्यता वाले पेशों में लगे थे। इसके अलावा केवल 9.76 फीसदी आबादी ने माध्यमिक स्तर से आगे की शिक्षा पूरी की है। यानि ईएलआई की कामयाबी इस बात पर निर्भर करेगी कि हमारे पास पर्याप्त संख्या में रोजगार के लिए तैयार श्रम शक्ति हो और विनिर्माण आधार का तेजी से विस्तार हो। इस संदर्भ में इंटर्नशिप योजना भी कौशल की कमी दूर करने पर लक्षित है। इससे पहले केंद्रीय मंत्रिमंडल ने एक हजार औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों को पांच साल में उन्नत बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। पांच नए राष्ट्रीय कौशल उत्कृष्टता केंद्रों के निर्माण की भी बात है। यह सही दिशा में उठाया गया कदम है लेकिन पिछला अनुभव रहा है कि ऐसे प्रयास अक्सर पुराने पाठ्यक्रम और शिक्षा-उद्योग के बीच कमजोर संपर्क के कारण विफल होते रहे हैं। लिहाजा युवा श्रम शक्ति के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने से संबंधित योजनाओं को कौशल सुधार और नीतिगत सुधार का सहारा मिलना जरूरी है।

# अपराध तो अक्षम्य है फिर स्त्री-पुरुष कैसा

■ क्षमा शर्मा

राजा रघुवंशी हत्याकांड में हर रोज नए खुलासे हो रहे हैं। जिस तरह मेरठ में मुसकान ने अपने पति को मारकर नीले ड्रम में बंद कर दिया था और पुरुष मित्र के साथ घूमने चली गई थी, सोनम तो अपने पति राजा के साथ ही गई थी। हां, पहले से वहां वे तीन लड़के मौजूद थे, जो कथित हत्यारे बताए जा रहे हैं। जिस तरह मुसकान के परिवार वालों ने आकर कहा कि अगर उसने ऐसा किया है, तो उसे कड़ी से कड़ी सजा मिले, सोनम का भाई भी इसी तरह के बयान दे रहा है। बहुत से लोग कह रहे हैं कि इस तरह के बयान पुलिस से बचने के लिए दिए जाते हैं। खैर, जो भी हो एक निरपराध लड़के ने जान गंवाई है। कल इन अपराधियों को सज़ा मिल भी जाए, तो राजा के माता-पिता जीवन भर इस दुःख को लेकर जीएंगे।कई लोगों ने अखबारों और सोशल मीडिया में लिखा कि लड़कियां ऐसा इसलिए कर रही हैं कि माता-पिता उनकी सुनते नहीं हैं। वे बिना उनकी मर्जी के शादी कर देते हैं। अगर वे उनकी सुन लें, तो ऐसा न हो। जबकि मुसकान ने तो अपनी मर्जी से ही शादी की थी।

इन दिनों ऐसे किस्से आम हैं जब पति ने पत्नी या महिला मित्र अथवा पत्नी ने पति की हत्या सिर्फ इसलिए कर दी कि उसे किसी और के साथ रहना था। ऐसी खबरें आ रही हैं कि सोनम -राजा रघुवंशी कांड के बाद, लोग शादी के बाद घूमने जाने से बच रहे हैं। टिकट कैंसल करा रहे हैं। यही नहीं विवाह से पूर्व प्राइवेट जासूसों की मदद से होने वाले साथी का बैक ग्राउंड चैक करा रहे हैं। यहां तक कि कथित विज्ञापन दिए जा रहे हैं। एक ऐसा ही विज्ञापन फेसबुक पर देखा। यह एक अखबार में छपवाया गया था। इसमें लिखा था- अमुक तारीख को अमुक लड़की से सगाई हो रही है। किसी को आपत्ति हो तो बताए।

ऐसी बातों से कई बार उन ब्लैकमेलर्स की पौ बारह हो सकती है, जो किसी लड़की को या लड़के को परेशान करने के लिए तरह-तरह की जुगत भिड़ाते हैं। मान लीजिए बेवजह ही कोई आकर कह दे कि हां जी इस शादी से मुझे आपत्ति है, क्योंकि इस लड़के या इस लड़की से मेरे सम्बंध हैं। ऐसे में अगर शादी हो भी जाए, तो शंका का एक बीज हमेशा के लिए बोया जा सकता है। आपसी



रिश्तों में इतना अविश्वास, फिर शादी, विवाह, किसी रिश्ते में जाने की जरूरत ही क्या है। जब आपस में विश्वास न रहा तो बचा ही क्या।

एक बात बार-बार कही जा रही है कि लड़कियां भला अपराधी कैसे हो सकती हैं। क्यों नहीं हो सकतीं। लड़कियों की वह बेचारी और बुद्धू तथा कुछ न जानने वाली की छवि कब तक ढोती रहेंगी। लड़कियां या लड़के, अपराधी कोई भी हो सकता है। एकम?् न्याय फाउंडेशन की दीपिका भारद्वाज कहती हैं कि अक्सर पति-पत्नी के रिश्तों में घरेलू हिंसा और क्रूरता को देखा जाता है, लेकिन अब वक्त आ गया है, जब यह भी देखा जाए कि ऐसे रिश्तों में हत्या जैसे जघन्य अपराध कितने हो रहे हैं। दीपिका ने एक अध्ययन में पाया कि 2023 में 306 पतियों को उनकी पत्नियों ने मार दिया। इन घटनाओं को आत्महत्या बताने की कोशिश की गई। वर्ष 2025 के इन छह महीनों में यह संख्या सौ से अधिक पहुंच गई है। दीपिका ने शादी के शहीद (मार्टरस आफ मैरिज) और भारत के बेटे (इंडियाज संस) नामक दो फिल्में भी बनाई हैं।सत्तर के दशक में हुआ विद्या जैन हत्याकांड भी याद आता है, जिसने देश को हिलाकर रख दिया था। इसमें विद्या के नामी डाक्टर पति ने अपनी पत्नी की हत्या, प्रेमिका के लिए कराई थी। उस समय एक मशहूर पत्रिका ने इस कांड को धारावाहिक रूप से छापा था। जिस स्त्री के कारण यह हत्या कराई गई थी, वह एक फौजी की पत्नी थी। जब पुलिस इस महिला और उक्त डाक्टर को पकड़कर थाने ले गई, तो वहां एक हीटर जल रहा था। महिला ने गिड़गिड़ाते हुए पुलिस वालों से कहा था कि यहां अग्नि तो है ही। सजा से पहले मेरे सात फेरे करा दीजिए।

अब तक पुरुषों द्वारा ऐसे गम्भीर अपराधों की लम्बी सूची बनती रही है। लेकिन अब पत्नियां भी ऐसा कर रही हैं। बहुत से विद्वान और विदुषियां कह रही हैं कि ऐसा इसलिए हो रहा है कि महिलाओं को सदियों से दबाकर रखा गया है। अब वे ताकतवर हुई हैं, तो ऐसा कर रही हैं। आंकड़े गिनवाए जा रहे हैं कि महिलाएं तो बस छह प्रतिशत अपराध ही करती हैं। बहुसंख्य अपराध तो पुरुषों द्वारा ही किए जाते हैं। इनकी बातें सुनकर वह कहावत याद आती है-जाके पांव न फटी बिवाई, वो क्या जाने पीर पराई। आखिर सदियों का बदला राजा या उसी जैसे किसी निरपराध लड़के से क्यों लिया जाए। विमर्शों की समस्या ही यह है कि अपने चश्मे से बाहर उन्हें कुछ और नहीं दिखता।

वे दुनिया से असहमत होने का अधिकार तो मांगते हैं, मगर असहमति का अधिकार किसी को नहीं देते। बदला लेने की भावना का इस तरह से समर्थन आखिर बदले को ही बढ़ाता है। वैसे भी ज्ञान देने वाले तो ज्ञान देकर निकल लेते हैं, मगर भुगतना उन्हें पड़ता है, जो इस तरह के अपराधों में जाने-अनजाने शामिल हो जाते हैं। एक लड़की ने कहा कि हम अक्सर अपने बॉस या अधिकारियों से नाराज होते हैं, तो क्या उनकी जान ले लेते हैं। फिर यह भी कैसी नाराजगी है कि निरपराध को भुगतनी पड़े। बहुत से लोग कह रहे हैं कि सोनम के बहाने सभी स्त्रियों को अपराधी नहीं कहा जा सकता। सच बात है। ऐसा होता भी नहीं है। लेकिन यदि स्त्री अपराधियों की संख्या कम है, तो मात्र इसलिए उन्हें छोड़ दिया जाए। कोई सजा न मिले। यह कहां का न्याय है। अपराधी तो चाहे स्त्री हो या पुरुष, उसे कानून को सजा देनी ही चाहिए। अपराध को अपराध के नजरिए से ही देखना चाहिए। इसमें आगे बढ़कर किसी विमर्श का छौंक गैर जरूरी है।

फिर यह भी कि मान लीजिए यह अपराध सोनम के साथ हुआ होता। तो अब तक क्या हुआ होता। पूरे देश में हाहाकार मच जाता। जुलूस निकलते। मोमबत्तियां जलाई जातीं। स्त्रियां अपने देश में कितनी असुरक्षित हैं, यह बताया जाने लगता। यहां तक कि विदेशी मीडिया की भीड़ लग जाती। सोनम को हिरोइन करार दे दिया जाता। किसी पुरुष की हत्या, क्या हत्या नहीं। पुरुषों के कोई मानव अधिकार भी नहीं। ऐसा क्यों। इसीलिए अरसे से महिला कानूनों को भी जेंडर न्यूट्रल बनाने की मांग की जा रही है। पुरुषों के लिए महिला आयोग की तरह पुरुष आयोग बनाने की बातें भी कही जा रही हैं। बताया जा रहा है कि सोनम ने अपने पुरुष मित्र राज कुशवाहा के लिए ऐसा किया। वह उससे बहुत प्रेम करती थी। कमाल है न। यह भी कैसा प्रेम है जो किसी की हत्या के लिए उकसाता है। इससे ज्यादा दुखद यह भी है कि हत्या जैसे गम्भीर अपराध के बाद कोई पछतावा तक नहीं होता।

**(साभार : यह लेखक के निजी विचार हैं)**

# कौन होगा दलाई लामा का उत्तराधिकारी नजरें मैकलोडगंज पर

■ जयसिंह रावत

तिब्बती बौद्ध धर्म की आत्मा मानी जाने वाली दलाई लामा की परंपरा आज एक ऐतिहासिक मोड़ पर खड़ी है। परंपरागत रूप से दलाई लामा का चयन वर्तमान लामा की मृत्यु के बाद पुनर्जन्म के सिद्धांत के आधार पर होता है, लेकिन चीन के हस्तक्षेप के खतरे ने इस प्रक्रिया को नया आयाम दिया है। 14वें दलाई लामा, तेनजिन ग्यात्सो, ने संकेत दिया है कि अगले दलाई लामा की घोषणा उनके जीवनकाल में भी हो सकती है, ताकि चीनी दखल से बचा जा सके।इस संदर्भ में, 6 जुलाई 2025 को उनके 90वें जन्मदिवस पर धर्मशाला में होने वाले महायोजन में कोई महत्वपूर्ण घोषणा होने की संभावना है। यही कारण है कि न केवल चीन और भारत, बल्कि अमेरिका जैसे अन्य देशों की निगाहें इस तारीख पर टिकी हैं। यह घोषणा न केवल तिब्बती अस्मिता और धार्मिक स्वतंत्रता को मजबूती देगी, बल्कि वैश्विक भू-राजनीति पर भी गहरा प्रभाव डालेगी।

दलाई लामा, तिब्बती बौद्ध धर्म के गेलुग संप्रदाय के सर्वोच्च नेता, करुणा के बोधिसत्त्व अवलोकितेश्वर के अवतार माने जाते हैं। यह उपाधि पहली बार 1578 में मंगोल शासक अल्तान खान द्वारा तीसरे दलाई लामा, सोनम ग्यात्सो को दी गई थी। 17वीं शताब्दी में पांचवें दलाई लामा ने गदेन फोड्रांग सरकार के माध्यम से तिब्बत में आध्यात्मिक और राजनीतिक सत्ता स्थापित की। वर्तमान 14वें दलाई लामा, तेनजिन ग्यात्सो, का जन्म 6 जुलाई 1935 को उत्तर-पूर्वी तिब्बत में एक किसान परिवार में हुआ था। दो वर्ष की आयु में उन्हें 13वें दलाई लामा के पुनर्जन्म के रूप में पहचाना गया। 1959 में चीनी आक्रमण के बाद वे भारत में निर्वासन में आए और धर्मशाला को तिब्बती निर्वासित सरकार का केंद्र बनाया। 1989 में उन्हें शांति और अहिंसा के लिए नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जिसने उन्हें वैश्विक स्तर पर शांति का प्रतीक बनाया। तिब्बती बौद्ध परंपरा में दलाई लामा का चयन पुनर्जन्म के सिद्धांत पर आधारित है। वर्तमान दलाई लामा के देहांत के बाद उनकी आत्मा एक नवजात शिशु में पुनर्जन्म लेती है, जिसकी खोज वरिष्ठ लामाओं द्वारा



संकेतों, सपनों, और भविष्यवाणियों के माध्यम से होती है। संभावित बच्चे को पूर्ववर्ती दलाई लामा की वस्तुओं, जैसे माला या छड़ी, को पहचानने की परीक्षा दी जाती है, जिसके बाद उसे बौद्ध धर्म, तिब्बती संस्कृति, और दर्शन की गहन शिक्षा दी जाती है। 14वें दलाई लामा ने संकेत दिया है कि पारंपरिक पुनर्जन्म के अलावा उद्भव भी उत्तराधिकार का एक वैकल्पिक तरीका हो सकता है।

इसका अर्थ है कि वे अपने जीवनकाल में भी उत्तराधिकारी चुन सकते हैं, जिससे चीनी हस्तक्षेप से बचा जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि उनका उत्तराधिकारी स्वतंत्र दुनिया में जन्म लेगा, संभवतः भारत, उत्तराखंड, हिमाचल, या लद्दाख जैसे क्षेत्रों में, न कि चीन के नियंत्रण वाले क्षेत्र में। यह प्रक्रिया गदेन फोड्रांग ट्रस्ट द्वारा संचालित होगी, जो 2015 में स्थापित किया गया था और तिब्बती बौद्ध परंपराओं के प्रमुखों के परामर्श से कार्य करेगा। दलाई लामा का उत्तराधिकार केवल धार्मिक नहीं, बल्कि वैश्विक भू-राजनीति का एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। 1951 में तिब्बत पर चीन के कब्जे के बाद से, बीजिंग ने तिब्बती बौद्ध धर्म को नियंत्रित करने का प्रयास किया है। 1995 में, जब दलाई लामा ने गेधुन चोएक्यी न्यिमा को 11वें पंचेन लामा के रूप में मान्यता दी, तो चीन ने उस बच्चे को हिरासत में ले लिया, जिसका ठिकाना आज तक अज्ञात है। इसके बजाय, चीन ने अपने चुने हुए पंचेन लामा को स्थापित किया, जिसे तिब्बती समुदाय ने अस्वीकार कर दिया।

चीन का दावा है कि उसे 1793 के किंग राजवंश की गोल्डन अर्न प्रक्रिया के तहत दलाई लामा के उत्तराधिकारी को मंजूरी देने का अधिकार है, लेकिन दलाई लामा और तिब्बती समुदाय इसे धार्मिक स्वायत्तता पर हमला मानते हैं। दलाई लामा की हालिया घोषणा, जिसमें उन्होंने गदेन फोड्रांग ट्रस्ट को उत्तराधिकारी चयन की जिम्मेदारी सौंपी, चीन के लिए एक सीधी चुनौती है। अगर अगला दलाई लामा भारत के तवांग क्षेत्र में चुना जाता है, जहां छठा दलाई लामा जन्मे थे, तो यह भारत-चीन संबंधों में नए तनाव का कारण बन सकता है। चीन तिब्बती बौद्ध धर्म को नियंत्रित करना चाहता है ताकि तिब्बत, जिसे अब ज़िज़ांग कहते हैं, पर अपनी सत्ता मजबूत कर सके। उसने दलाई लामा जैसे जीवित बुद्धों के चयन के लिए कानून बनाए हैं और कहता है कि केवल उसका चुना 15वां दलाई लामा ही वैध होगा।

ज़िज़ांग में मानवाधिकार श्वेत पत्र में वैधानिक धार्मिक गतिविधियों पर जोर है। 2016 से चीन ने पुनर्जनन की पहचान के लिए ऑनलाइन सिस्टम शुरू किया है। वह गोल्डन ह्वह्ठु विधि या राजनीतिक प्रक्रिया से अपने चुने उत्तराधिकारी की निष्ठा सुनिश्चित कर सकता है। 1959 से धर्मशाला में रह रहे 14वें दलाई लामा ने चीन के दावे को खारिज किया।

अपनी पुस्तक वॉयस फॉर द वॉयसलेस में उन्होंने कहा कि उनका उत्तराधिकारी स्वतंत्र दुनिया में, चीन के बाहर जन्मेगा। उन्होंने गदेन फोदरांग ट्रस्ट को उत्तराधिकारी चुनने की जिम्मेदारी दी और चीन के चुने को अवैध माना। इससे दो दलाई लामाओं की स्थिति बन सकती है। चीन को विरोधों की चिंता नहीं, क्योंकि तिब्बत में उसकी सेना मजबूत है। वह केंद्रीय तिब्बती प्रशासन को अमेरिकी समर्थन को भी नजरअंदाज करता है। बीजिंग का लक्ष्य तिब्बती बौद्ध धर्म के भविष्य पर नियंत्रण है, जो धार्मिकता से ज्यादा राजनीति को प्राथमिकता देता है। भारत, जो 1959 से दलाई लामा और तिब्बती निर्वासित सरकार को शरण दे रहा है, एक नाजुक संतुलन बनाए रखता है।

एक ओर वह चीन के आक्रामक रवैये का सामना करता है, वहीं दूसरी ओर तिब्बती लोगों के सांस्कृतिक और धार्मिक अधिकारों का समर्थन करता है। भारत में लगभग 1,00,000 तिब्बती शरणार्थी रहते हैं, और धर्मशाला निर्वासित सरकार का केंद्र है। अगर 15वें दलाई लामा की खोज भारत में होती है, तो यह तिब्बती स्वतंत्रता आंदोलन को मजबूती देगा और भारत-चीन संबंधों में एक नया विवाद पैदा कर सकता है।दलाई लामा ने अपने हालिया वीडियो संदेश में स्पष्ट किया कि उनके पुनर्जन्म की प्रक्रिया में परंपरा का पालन होगा। बीते 14 वर्षों में इस विषय पर उनकी चुप्पी से तिब्बती समुदाय में चिंता थी कि यह परंपरा समाप्त हो सकती है।

उनकी इस घोषणा ने न केवल आश्वासन दिया, बल्कि आध्यात्मिक उत्तराधिकार की निरंतरता का मार्ग भी प्रशस्त किया। गदेन फोड्रांग ट्रस्ट इस प्रक्रिया को कई वर्षों तक चला सकता है, जिसमें धर्म रक्षक, भविष्यवाणी करने वाले संकेत, और तिब्बती बौद्ध संस्थानों की सलाह शामिल होगी।6 जुलाई 2025 को धर्मशाला में होने वाला महायोजन और उसमें होने वाली संभावित घोषणा तिब्बती समुदाय और वैश्विक शांति के लिए एक ऐतिहासिक क्षण हो सकता है। आगामी वर्षों में यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि 15वें दलाई लामा की पहचान कैसे होती है और वैश्विक शक्तियां इस धार्मिक और भू-राजनीतिक संतुलन को किस तरह स्वीकार करती हैं।

**(साभार : यह लेखक के निजी विचार हैं)**

> **नियमों का विधान मनुष्य के लिए हुआ है, मनुष्य का निर्माण नियमों के लिए नहीं ।**
>
> **- रामतीर्थ**

## आज का इतिहास

- 1658: मुगल शासक औरंगजेब ने अपने बड़े भाई मुराद बख्श को बंदी बनाया।
- 1811: वेनेजुएला के सात प्रांतों ने स्पेन के शासन से स्वतंत्रता की घोषणा की।
- 1922: नीदरलैंड में पहली बार आम चुनाव हुए।
- 1935: फ्रैंकलिन डी. रूजवेल्ट ने अमेरिका के नेशनल लेबर रिलेशंस कानून पर हस्ताक्षर किए।
- 1947: भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम 1947 को ब्रिटेश संसद में पेश किया गया। इसे 18 जुलाई को ब्रिटिश राजशाही की मंजूरी मिली।
- 1950: नए कानून के तहत सभी यहूदियों को इजराइल में रहने की अनुमति दी गई।
- 1954: बीबीसी ने अपने पहले टीवी समाचार बुलेटिन का प्रसारण किया।
- 1959: इंडोनेशिया में संविधान बहाल किया गया।
- 1960: मंगोलिया ने संविधान अपनाया।
- 1962: अल्जीरिया 132 साल के फ्रांसीसी शासन से आजाद हुआ।
- 1968: भारत की पहली पनडुब्बी सोवियत रूस से पहुंची।
- 1994: इजराइल अधिकृत जेरिको में फिलिस्तीनी स्वशासन की औपचारिक शुरुआत।
- 1998: टैंक भेदी प्रक्षेपास्त्र नाग का परीक्षण।
- 1998: महाबलीपुरम में डाल्फिन सिटी का उद्घाटन।
- 1998: पीट सम्प्रास ने 5वीं बार विम्बलडन जीता।
- 1999: संयुक्त राज्य अमेरिका ने तालिबान पर प्रतिबंध लगाया।

## निशाना

### रहे उसी पर ध्यान !



-कृष्णेन्द्र राय

**जो मिला है काम ।
रहे उसी पर ध्यान ।।
इधर उधर भटकाने से ।
है गिरता सम्मान ।।
बन रहा समूह लगता ।
भ्रम का मायाजाल ।।
चेते ना अभी अगर ।
होगा बुरा हाल ।।
देखें अपना क्षेत्र ज़रा ।
कैसा पड़ा अकाल ।।
हर तरफ से आप पर ।
उठते हैं सवाल ।।
साथ साथ इस जोश के ।
होश को ठुकराया ।।
गुणा भाग ना कर जाए ।
पूरा ही सफाया ।।**

# जन अभियान परिषद का स्थापना दिवस स्वैच्छिकता पर्व के रूप में मनाया

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद का स्थापना दिवस जिला पंचायत सभागृह,जिला नर्मदापुरम में स्वैच्छिकता पर्व के रूप में उत्साहपूर्वक मनाया गया। परिषद के मूल मंत्र संगच्छध्वम् संवदध्वम् की भावना के साथ यह पर्व प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर जन-सहभागिता और सेवा भावना को समर्पित रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधानसभा अध्यक्ष व नर्मदापुरम विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा, मुख्य वक्ता सांसद दर्शन सिंह चौधरी मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया की उपस्थिति में भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत में संभाग समन्वयक कौशलेश प्रताप तिवारी एवं जिला समन्वयक श्री पवन सहगल ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। संभाग समन्वयक कौशलेश प्रताप तिवारी ने परिषद की कार्यप्रणाली, उद्देश्यों और वर्तमान में संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा प्रेषित संदेश का वाचन किया एवं स्वैच्छिकता की शपथ दिलाई एवं जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नागर का वीडियो संदेश दिखाया गया। जिसमें उन्होंने स्वैच्छिकता के महत्व और जनसहभागिता की भूमिका को रेखांकित किया। । मुख्य अतिथि श्रीमती माया नारोलिया ने जन अभियान परिषद के सेवा कार्यों की सराहना की।





सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने कहा कि बांद्राभान में स्व. अनिल माधव दबे जी के नाम से एक पुस्तकालय स्थापित किया जाएगा, जिससे आमजन को गुणवत्तापूर्ण साहित्य अध्ययन हेतु मिलेगा। उन्होंने परिषद को प्रदेश का एक मजबूत संगठन बताते हुए इसे जमीनी स्तर पर योजनाओं की पहुँच का प्रभावी माध्यम बताया। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं नर्मदापुरम विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा ने परिषद के स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि परिषद एक सशक्त सामाजिक संगठन की भांति कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि ÷सच्ची जनसेवा ही माधव सेवा है÷ और सेवा कार्यों का प्रतिफल सोचने के बजाय उत्कृष्टता से कार्य करना चाहिए। जन अभियान परिषद समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाएं पहुँचाने हेतु सेतु की भूमिका निभा रही है। कार्यक्रम के दौरान स्वैच्छिकता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वालों में सुरेश अग्रवाल गायत्री परिवार माखननगर, डी.एस. दांगी पर्यावरणविद्, ओंकार सिंह राजपूत भाऊ साहब भुस्कुटे सेवान्यास और श्रीमती चित्रा हर्णे पर्यावरण टोली का सम्मान किया गया। परिषद की प्रस्फुटन समितियों, नवांकुर संस्थाओं एवं सीएमसीएलडीपी (ष्टरूष्टरुष्ठक्क) से जुड़े छात्र-छात्राएं भी इस अवसर पर उपस्थित रहे,जिन्हें उत्कृष्ट कार्य करने वाले सीएमसीएलडीपी विघार्थीयों,नवांकुर एवं मेंटर्सों,लघु उघोग आदि को प्रमाणपत्र प्रदान किये गयें। जो समाजसेवा, पर्यावरण, स्वास्थ्य, शिक्षा आदि क्षेत्रों में सक्रिय हैं।

जन अभियान परिषद मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने हेतु कटिबद्ध है और शासन तथा समाज के बीच प्रभावी सेतु के रूप में कार्य कर रही है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता, युवा स्वयंसेवक एवं आम नागरिक उपस्थित रहे। नवांकुर सखी योजनांतर्गत जन अभियान परिषद की 15 महिला कार्यकर्ताओं को फलदार पौधों के बीजों का वितरण किया गया एवं एक पौधा मां के नाम कार्यक्रम का शुभारंभ पौधारोपति कर किया गया।

### कमिश्नर ने राजस्व, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग सहित अन्य विभागों के कार्यों की समीक्षा की

# सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व वसूली की कार्य योजना बनाएं: तिवारी

- बारिश को देखते हुए होटल एवं रेस्टोरेंट में मिलने वाले दुषित, मिलावटी खाद्य पदार्थों की जांच की जाए
- मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला चिकित्सालय में व्याप्त अव्यवस्थाओं को प्राथमिकताओं से सुधारे

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

सभी अनुविभागीय राजस्व अधिकारी अपने अधीनस्थ तहसीलदार न्यायालय एवं तहसीलदार कार्यालय का प्राथमिकता से निरीक्षण करना सुनिश्चित करें। कोई भी राजस्व प्रकरण ऑफलाइन ना लिए जाएं और ना ही कोई भी राजस्व प्रकरण ऑफलाइन दर्ज किये जाएं सभी प्रकरण ई ऑफिस सिस्टम के माध्यम से ही लेकर दर्ज किया जाए। सभी अनुविभागीय राजस्व अधिकारी राजस्व वसूली के लिए विशेष कार्य योजना बनाएं और इस वित्तीय वर्ष में शत प्रतिशत राजस्व वसूली करना सुनिश्चित करें। उक्त निर्देश नर्मदापुरम संभाग कमिश्नर श्री कृष्ण गोपाल तिवारी ने शुक्रवार को आयोजित राजस्व विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, नगरीय प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग, फूड एंड सेफ्टी विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग के





कार्यों की समीक्षा के दौरान दिए। कमिश्नर ने एसडीएम पिपरिया को निर्देश दिए कि वह पचमढ़ी तहसील कार्यालय में तहसीलदार के बैठने का नियत समय निर्धारित कर सूचना पटल पर भी बैठने का समय अंकित कराए। कमिश्नर ने पचमढ़ी लोक सेवा केंद्र में एक कंप्यूटर ऑपरेटर नियुक्त करने के लिए विज्ञापन जारी करने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने सभी अनुविभागीय राजस्व अधिकारी एवं तहसीलदार के रीडर आईडी पर लंबित प्रकरणों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिए की सभी लंबित राजस्व प्रकरण प्राथमिकता से निराकृत किया जाए। उल्लेखनीय है कि नर्मदापुरम जिले में रीडर आईडी पर 435 प्रकरण लंबित है। सीएम हेल्पलाइन में लंबित प्रकरण की समीक्षा करते हुए कमिश्नर ने निर्देश दिए की सभी राजस्व अधिकारी सीएम हेल्पलाइन में लंबित सभी प्रकरणो को समय सीमा में निराकृत कर ले।

कमिश्नर श्री तिवारी ने निर्देश दिए की राजस्व वसूली में इस वर्ष नर्मदापुरम जिले को 14 करोड़ की राजस्व वसूली का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। कलेक्टर सोनिया मीना ने निर्देश दिए की तीन माह निकल चुके हैं अब शेष माह में समस्त राजस्व वसूली में तेज गति से कार्य किया जाए। कमिश्नर श्री तिवारी ने स्वामित्व योजना में हुई प्रगति की भी समीक्षा की। कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने निर्देश दिए की कोई भी पट्टे बांटने में अनावश्यक देरी न की जाए और फार्मर रजिस्ट्री 31 जुलाई तक हर हाल में पूरी की जाए। उन्होंने लंबित 46 भू अर्जन के प्रकरणों में मुआवजा राशि वितरित कर प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए।

कमिश्नर श्री तिवारी ने सभी अनुविभागीय राजस्व अधिकारियों एवं तहसीलदार को निर्देश दिए की वह अपने कार्य के साथ-साथ ही विकास के कार्य में भी रुचि लेकर प्राथमिकता से विकास के कार्य करवाना भी सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि आरबीसी 6/4 में पीड़ितों को राहत राशि देने में अनावश्यक विलंब न किया जाए साथ ही अति वर्षा एवं बाढ़ से बचाव की पूर्व से ही तैयारी सुनिश्चित कर ली जाए। तत संबंध में सभी सुरक्षात्मक उपाय अपडेट रखा जाए। कमिश्नर ने निर्देश दिए की सभी अनुविभागीय राजस्व अधिकारी समाचार पत्रों में प्रकाशित खबरों को भी संज्ञान में लेकर कर्मियों को एवं अव्यवस्था तथा त्रुटियों को दूर कर कार्य करें। कमिश्नर श्री तिवारी ने कहा कि समाचार पत्र सही फीडबैक देते हैं अतः सभी अनुविभागीय राजस्व अधिकारी प्रतिदिन समाचार पत्र में प्रकाशित खबरों पर संज्ञान अनिवार्य रूप से लेवे एवं तदनुसार अनुसार व्याप्त समस्याओं का निराकरण करें। कमिश्नर श्री तिवारी ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को भी निर्देश दिए कि वह संभावित बाढ़ से बचाव के लिए अभी से सभी चिकित्सा उपकरण एवं दवाइयां तथा स्टाफ की उपलब्धता सुनिश्चित करके रखें। कमिश्नर ने संबल योजना व राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना के प्रकरणों में हितग्राहियों को राहत राशि देने में अनावश्यक देरी करने पर नाराजगी प्रकट करते हुए कहा कि जो हितग्राही पात्र हैं उन्हें इन योजनाओं का लाभ प्राथमिकता से दिया जाए। उन्होंने वन व्यवस्थापन, वन अधिकार के प्रकरण, कर्मचारियों की सेवा पुस्तिका अपडेट रखने, सर्विस बुक में सभी एंट्री करने के भी निर्देश दिए।

कमिश्नर श्री तिवारी ने फूड एंड सेफ्टी ऑफिसर को निर्देश दिए की बारिश के दौरान होटल और रेस्टोरेंटों में दूषित खाद्य सामग्री एवं मिलावटी सामग्री की बिक्री की संभावना बनी रहती है। ऐसे समस्त होटल एवं रेस्टोरेंटो का निरीक्षण कर दूषित व मिलावटी खाद्य सामग्री की जांच कर उन्हें प्राथमिकता से नष्ट करना सुनिश्चित करें। कमिश्नर ने निर्देश दिए की दुकानों में मिलने वाले मिलावटी वस्तुओं एवं सामग्री की भी जांच की जाए। मिष्ठान्नों का भी परीक्षण प्राथमिकता से किया जाए।

कमिश्नर श्री तिवारी ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर गहलोत को निर्देश दिए कि वह जिला चिकित्सालय में व्याप्त अवस्थाओं को तत्काल सुधारे। कमिश्नर ने कहा कि आए दिन जिला चिकित्सालय के संबंध में जानकारी मिलती रहती है कि जिला चिकित्सालय में सीवेज का गंदा पानी आ रहा है। छत टपक रही है। डॉक्टर के बैठने के लिए कुर्सियां नहीं है, मरीज के परिजनों को स्वयं स्ट्रेक्चर धकेलना पड़ रहा है। कमिश्नर ने निर्देश दिए हैं कि यह स्थिति ना हो सभी कर्मियों को तत्काल दूर किया जाए और दिन तथा रात्रि में मरीजों तथा अस्पताल स्टाफ की आवश्यक सुरक्षा के भी इंतजाम किए जाएं। कमिश्नर ने निर्देश दिए की मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी जिला चिकित्सालय का रिव्यू अनिवार्य रूप से करें।

# विद्यार्थियों के खाते में अंतरित लेपटॉप के लिए राशि



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

माध्यमिक शिक्षा मंडल की हायर सेकेण्डरी परीक्षा 2024-25 में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश शासन की प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत विद्यार्थियों के बैंक खातों में वन क्लिक के माध्यम से 25 हजार रुपये की सहायता राशि अंतरित की गई।

कुशाभाउ ठाकरे अंतर्राष्?ट्रीय सभागार भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा 05 लाख से अधिक विद्यार्थियों को 1315 करोड रुपए से अधिक राशि का अंतरण किया गया। जिले में राज्?य स्?तरीय कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर भी देखा गया। जिले के कुल 1812 विद्यार्थियों के खातों में प्रोत्साहन राशि अंतरित की गई।

जिला स्तर का मुख्य समारोह सांदीपनि कृषि विद्यालय पवारखेड़ा में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक नर्मदापुरम डॉ. सीतासरन शर्मा, मुख्य अतिथि सांसद नर्मदापुरम-नरसिंहपुर दर्शन सिंह चौधरी, राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नरोलिया सहित अनेक जनप्रतिनिधि, जनपद एवं पंचायत प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

**जिले में आयोजित हुआ प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को लैपटॉप राशि अंतरण समारोह..**

उक्त अवसर पर अतिथियों ने विद्यार्थियों को गुरुओं का सम्मान करने, माता-पिता एवं समाज की आकांक्षाओं के अनुरूप मेहनत कर अच्छे अधिकारी, शिक्षक एवं जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा दी। प्रतीकात्मक रूप से सांदीपनि कृषि विद्यालय पवारखेड़ा के 33 विद्यार्थियों एवं शासकीय एस.पी.एम. उमावि तथा अशासकीय सेंट पॉल उमावि नर्मदापुरम के विद्यार्थियों को मंच से प्रतीकात्मक चेक प्रदान किए गए। मंच संचालन श्री आशुतोष शर्मा द्वारा किया गया।

इसी कड़ी में जिले के सभी विकासखण्डों में भी शासकीय/अशासकीय विद्यालयों में कार्यक्रम आयोजित हुए, जिनमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। शासकीय मॉडल उमावि माखननगर, शासकीय कन्या उमावि सिवनीमालवा, अशासकीय विवेकानंद उमावि सोहागपुर, शासकीय उत्कृष्ट उमावि सुखतवा, शासकीय भगत सिंह पी.जी. कॉलेज पिपरिया, शासकीय सीएम राइज बनखेडी सहित अन्य संस्थाओं में विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया गया।

## युवा संगम रोजगार एवं स्वरोजगार मेला का आयोजन 10 जुलाई को

**रोजगार मेले के सुचारु आयोजन हेतु अधिकारियों को सौंपे गए दायित्व**

**नर्मदापुरम.** मध्यप्रदेश शासन सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग एवं तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग द्वारा युवाओं के लिए स्वरोजगार, रोजगार और अप्रेटिसशिप के लिए अवसर प्रदान करने के लिए युवा संगम रोजगार एवं स्वरोजगार मेला का आयोजन 10 जुलाई 2025 को शासकीय नर्मदा स्नातकोत्तर महाविद्यालय नर्मदापुरम में किया जाएगा। तत्संबंध में कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना द्वारा रोजगार मेले के सुचारु आयोजन के लिए अधिकारियों को दायित्व सौंप उनकी ड्यूटी लगाई गई है। जारी आदेशानुसार कलेक्टर सुश्री मीना द्वारा रोजगार मेला का संपूर्ण प्रभार का डिप्टी कलेक्टर डॉ बबिता राठौर को सौंपा है। रोजगार मेला के आयोजन संबंधी अन्य कार्यो एवं व्यवस्थाओं के लिए भी अधिकारियों को दायित्व सौंपे गये है।

## साक्षरता ब्रांड एंबेसडर की उपस्थिति में पौधारोपण



**नर्मदापुरम.** नगर के एक प्रायवेट स्कूल में कार्यक्रम साक्षरता ब्रांड एंबेसडर डॉ. मयंक तोमर मुख्य अतिथि की उपस्थिति में स्कूल के विद्यार्थियों व स्टाफ द्वारा वृक्षारोपण किया गया.जिसमें 100 से अधिक पौधे रोपे गए.डॉ. तोमर ने इसे सराहनीय कदम बताया. डॉ. मयंक तोमर का स्कूल निदेशक व प्राचार्य ललित सोनी ने पौधा भेंट कर स्वागत किया, डॉ. मयंक तोमर ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संबंधी चिंताओं व ग्लोबल वार्मिंग के बारे में बताया तथा विद्यार्थियों से वैश्विक स्तर पर पृथ्वी की सुरक्षा के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने को कहा. स्कूल स्टाफ ने पौधारोपण कार्यक्रम का हिस्सा बनने के लिए डॉ. तोमर का आभार व्यक्त किया.

## प्रतिभाशली विद्यार्भियों को मिली राशि..

**नर्मदापुरम.** लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल द्वारा विद्यार्थी प्रोत्साहन-योजना अंतर्गत मा.शि. मंडल की इस वर्ष की कक्षा 12 वीं में 75 प्रतिशत या अधिक अंक अर्जित करने वाले विद्यार्थियों को लैपटॉप क्रय करने हेतु प्रति विद्यार्थी 25 हजार की राशि आयोजित कार्यक्रम में वन क्लिक के माध्यम से बैंक खाते में अंतरित की गई। संकुल स्तर पर यह कार्यक्रम शास. उच्च माध्य. वि.एस.पी.एम. नर्मदापुरम में विधायक प्रतिनिधि आलोक राजपूत, क्षेत्र के पार्षद दुर्गेश चौधरी एवं जिला शिक्षा अधिकारी नर्मदापुरम के प्रतिनिधि के रूप में पधारे महेश विश्वकर्मा एवं श्रीमाती सुनीता मालवीय की उपस्थिति में आयोजित हुआ जिसमें विद्यालय की सत्र 2025 की कक्षा 12 वीं में 75 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली प्रतिभाशाली छात्रा कु. पार्वती मीना पिता श्रीराम मीना को 25,000 रु. की राशि का चेक पधारे अतिथियों, विद्यालय की प्राचार्य कल्पना बड़कुर एवं राजेश कुमार शर्मा द्वारा प्रदत्त किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं, गणमान्य नागरिक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

**मेट्रो एंकर** पर्यावरण प्रेमी पर्यावरण संरक्षण के लिए कर रहे लोगों को प्रेरित

# रिमझिम बारिश में धरती को चढ़ाएं हरियाली की चादर, पौधारोपण के लिए अनुकूल मौसम

**विशाल रजक तेन्दूखेड़ा, दोपहर मेट्रो**

मानसून के आगमन के साथ ही धरती हरियाली चादर ओढना शुरू कर देती है। पेड़-पौधे एक बार फिर से खिल उठते हैं, जैसे वर्षा जल ने उनमें नई जान फूंक दी हो आंखों को यह दृश्य सुकून तो देता है लेकिन विभिन्न कारणों से लगातार हो रही वृक्षों की कटाई पर चिंता करना भी जरूरी है। हर व्यक्ति के लिए यह आकलन करना जरूरी है कि हमारे देखते-देखते कितने पेड़ बूढ़े होकर धरासाई हो गए और कितने विकास कार्यों की बली चढ़ा दिए गए। हकीकत यह भी है कि इन वृक्षों की कमी को पूरा करने के लिए आवश्यक प्रयास नहीं किए जा रहे हैं, लिहाजा शासन-प्रशासन से उम्मीदें करने के साथ हर व्यक्ति का यह दायित्व है कि वह पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दें। इस संबंध में नगर के जनप्रतिनिधि गणमान्य लोग व पर्यावरण प्रेमी से चर्चा कर उनसे पूछा गया कि पर्यावरण के लिए युवा क्या भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने बताया कि मानसून का मौसम इसके लिए बेहद अनुकूल है। इस मौसम में लगाए गए पौधों को प्रकृति सिंचित करती है बस उसकी रखवाली व देखरेख की आवश्यकता है। यदि एक व्यक्ति ने कुछ पौधे लगाकर वृक्ष बनने तक उनकी देखरेख कर ली तो यह प्रकृति के लिए उसका बड़ा योगदान होगा

‘सांसद प्रतिनिधि मूरत सिंह लोधी कहते है कि हम पर्यावरण का जितना नुकसान कर रहे हैं, उस अनुपात में हम उसकी भरपाई नहीं कर पा रहे हैं। मानसून के आगमन के साथ ही अगर देश का हर नागरिक प्रति वर्ष एक पौधा लगाने व उसके पोषण का संकल्प लेकर अपना योगदान दे तो निश्चित ही वातावरण शुद्ध होने लगेगा। इसके अलावा हमें इस बात का ध्यान भी रखना चाहिए कि भूमिगत जल के स्तर में बढ़ोत्तरी कैसे हो। इसके लिए वॉटर हार्वेस्टिंग एक महत्वपूर्ण तकनीक है। घरों व खेतों में जल संरक्षण की संरचनाएं बनाकर हम वर्षाजल को संरक्षित कर सकते हैं आज की युवा पीढ़ी पर्यावरण संरक्षण-संवर्धन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं



**-मूरत सिंह लोधी सांसद प्रतिनिधि तेन्दूखेड़ा**

पर्यावरण प्रेमी पप्पू घोषी कहते है कि पर्यावरण की सुरक्षा से ही मानव सहित अन्य जीव-जंतुओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकती है। पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए जहां अभियान के तौर पर कार्यक्रम आयोजित हों, वहीं बारिश के मौसम में पौधरोपण के वृहद अभियान चलाए जाएं। वर्तमान में किए गए छोटे-छोटे प्रयासों से ही भावी पीढ़ी करे हम हरा-भरा वातावरण दे सकते हैं। प्रत्येक परिवार को पौधों के रोपण व उनके संरक्षण के लिए प्रतिबद्धता जतानी होगी। इस जनजागरण में युवा प्रभावी भूमिका का निर्वहन कर सकते हैं। वृक्ष हमें फल, फूल, छांव व अच्छे पर्यावरण के साथ प्राणवायु भी देते हैं, इसलिए अधिक से अधिक पौधे लगाएं।



**पप्पू घोषी पर्यावरण प्रेमी तेन्दूखेड़ा**

पर्यावरण प्रेमी पंडित रमेश तिवारी ने विचार रखते हुए कहा कि बारिश का मौसम पौधरोपण के लिए अनुकूल है। पौधों के पोषण में प्रकृति भी अपनी भूमिका निभाती है। ऐसे में नागरिकों को भी अपने दायित्वों का भान होना चाहिए पर्यावरण संतुलन बनाए रखने पौधे रोप कर उनकी वृक्ष बनने तक देखरेख करनी होगी। इस हेतु प्रत्येक व्यक्ति जागे और खेत, उद्यान, घर सहित अन्य स्थानों पर पौधे लगाकर पर्यावरण के लिए अपनी श्रेष्ठ भूमिका निभाएं। पौधरोपण के कार्य को प्रत्येक धार्मिक व सामाजिक उत्सवों में अनिवार्य करना चाहिए। हर व्यक्ति यह संकल्प भी ले कि अपने जन्मदिन या वैवाहिक वर्षगांठ के अवसर पर वह एक पौधा जरूर लगाएगा



**पंडित रमेश तिवारी पर्यावरण प्रेमी तेन्दूखेड़ा**

पर्यावरण प्रेमी मनीष मोदी कहते है कि हर पौधे का अपना महत्व है। फलदार पौधे फल देते हैं और छायादार पौधे हमें छाया देते हैं। इनसे इमारती लकड़ी भी प्राप्त होती है। औद्योगिकीकरण के इस दौर में वायु प्रदूषण दिन ब दिन बढ़ता जा रहा है। जिसके दुष्प्रभाव से लड़ने के लिए पौधरोपण ही सबसे बेहतर उपाय है। ऑक्सीजन का उत्सर्जन करने वाले वृक्ष ही पर्यावरण को शुद्ध करते हैं। युवाओं में असीमित क्षमताएं होती हैं, वह किसी भी अभियान को आंदोलन बना सकते हैं। कल का इंतजार करने की बजाय आज से ही पर्यावरण के प्रति अपने दायित्व निभाते हुए प्रण लें कि वे खुद को अधिक से अधिक पौधे लगाएंगे ही, अन्य लोगों को भी इस हेतु प्रेरित करेंगे।’



**पर्यावरण प्रेमी मनीष मोदी तेंदूखेड़ा**

## नोडल अधिकारी समन्वय स्थापित योजनाओं का क्रियान्वयन करें : गुप्ता

**सिरोंज ।** विदिशा कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने ग्राम पंचायत के लिए नियुक्त नोडल अधिकारियों को संबोधित किया। बासौदा जनपद पंचायत के सभागार में आयोजित समीक्षात्मक बैठक में उन्होंने कहा कि हर एक विभाग के ग्राम स्तरीय अधिकारी आपसी समन्वय स्थापित कर शासन के तमाम विभागों के माध्यम से क्रियान्वित योजना का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्री गुप्ता ने कहा कि बारिश को ध्यानगत रखते हुए कहीं भी किसी भी प्रकार की दुर्घटना ना हो पाए इसके लिए बरती जाने वाली सावधानियां पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि क्षतिग्रस्त भवनो में किसी भी प्रकार की गतिविधियां संचालित ना हो । कलेक्टर श्री गुप्ता ने कहा कि एक भी बच्चा स्कूल में दाखिला लेने से वंचित ना रहे। उन्होंने स्कूल और आंगनबाड़ी का भोजन एक ही स्थान पर समूह के द्वारा बनाया जाए। कलेक्टर श्री गुप्ता ने कहा कि हरेक ग्राम पंचायत के लिए एक एक नोडल अधिकारी नियुक्त करने के पीछे की यही मंशा है कि आपसी समन्वय स्थापित रहे। ग्राम स्तरीय अधिकारी कर्मचारियों में संवाद कर हरेक योजना की जानकारी प्राप्त कर पात्रता धारक को उसका लाभ दिलाना है। कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता ने कहा कि अब हरेक ग्राम पंचायत में पंजी संधारित की जायेगी जिसमें गांव से संबंधित तमाम जानकारियां दर्ज की जायेगी। उन्होंने सम्पत्ति रजिस्टर में गांव की चल और अचल सम्पत्तियों का संपूर्ण विवरण दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर श्री गुप्ता ने ग्राम पंचायत के लिए नियुक्त नोडल अधिकारियों से कहा कि अब हरेक महिने ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा। ताकि ग्राम से संबंधित सभी जानकारी स्थानीय रहवासियों को सुगमता से उपलब्ध हो सके। कलेक्टर श्री गुप्ता ने हर एक ग्राम पंचायत में शासकीय योजनाओं की जानकारियां सुगमता से प्राप्त हो सके इसके लिए ग्राम स्तर पर प्रचार प्रसार सूचित करने के निर्देश नोडल अधिकारियों को दिए हैं उन्होंने कहा कि टीमवर्क की भावना से कार्य कर कृषि ,पशुपालन उद्यान की मत्स्य पालन तथा महिला बाल विकास , स्वास्थ्य विभाग पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग राजस्व अमला उपरोक्त दायित्व का निर्माण करेंगे।

## अवैध मदिरा निर्माण, परिवहन, एवं विक्रय की रोकथाम हेतु कार्यवाही जारी

**सिरोंज।** विदिशा जिले में अवैध मदिरा के धारण, परिवहन, निर्माण एवं विक्रय की रोकथाम हेतु कलेक्टर अंशुल गुप्ता के मार्गदर्शन में जिला आबकारी अधिकारी विनय रंगशाही के निर्देशन एवं सहायक जिला आबकारी अधिकारी राजीव थापक के नेतृत्व में गुरुवार को विदिशा जिले के वृत्त विदिशा के अंतर्गत मुखबिर की सूचना पर ग्राम पठारी में तिराहे पर नाकेबंदी के दौरान एक बिना नंबर की टीव्हीएस स्टार मोटर साइकिल पर संदिग्ध तरह से दो थैले बरामद हुए जिनमें कुल 350 पाव में भरी 63 बल्क लीटर देशी मदिरा प्लेन बरामद हुई। वाहन चालक द्वारा कोई पास परमिट प्रस्तुत नहीं करने से बरामद शुदा मदिरा व परिवहन में उपयोगी वाहन को कब्जे आबकारी लिया जाकर आरोपी लखन जादौन पुत्र रामस्वरूप जादौन उम्र 24 साल निवासी संग्रामपुर जिला रायसेन के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)क, 34(2) के तहत प्रकरण कायम कर व आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां से उसे जेल भेजा गया। जब्तशुदा मदिरा व वाहन का बाजार मूल्य 54500 रुपये आंकलित किया गया है। उक्त कार्यवाही में आबकारी उप सुनील चैहान, आबकारी आरक्षक पवन गौर, आशीष कौरव एवं प्रमोद धुर्वे का सराहनीय योगदान रहा। जिले में अवैध मदिरा के सम्बन्ध में कार्रवाही निरंतर जारी रहेगी।

### झोलाछाप डॉक्टरों पर प्रशासन की कार्यवाही से हड़कंप

# लटेरी में 2 एवं सिरोंज में 3 अवैध क्लिनिक सील, क्लीनिकों को बंद कर डॉक्टर फरार

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

गुरुवार को डॉक्टर संतोष साहू द्वारा किए गए इलाज से मासूम देव कुशवाह की मौत हो गई थी, इसको लेकर लटेरी में काफी हंगामा हुआ था, डॉक्टर संतोष साहू के साथ भीड़ द्वारा मारपीट भी की गई थी इसी घटना से संज्ञान लेते हुए लटेरी स्वास्थ्य राजस्व और पुलिस प्रशासन ने झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ शख्त कदम उठाया गया है। संयुक्त टीम द्वारा लटेरी के झोलाछाप डॉक्टरों के क्लीनिकों की जांच की गई, नगर में प्रशासन की कार्यवाही को देखकर लटेरी के झोलाछाप डॉक्टर अपनी अपनी क्लीनिकों को बंद कर भाग खड़े हुए। मलनिया रोड पर दो क्लीनिक और एक पैथोलॉजी सेंटर खुले पाए गए, प्रशासन द्वारा इनके संचालकों से वैध डॉक्यूमेंट मांगे गए, लेकिन ये डॉक्टर कोई भी डॉक्यूमेंट टीम को नहीं बता पाए, तो प्रशासन ने दोनों क्लीनिक और पैथोलॉजी सेंटर को सील कर दिया।






### स्वास्थ्य विभाग की लचर कार्य प्रणाली से पनप रहे झोलाछाप डॉक्टर

झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ प्रदेश सरकार के आदेश के बाबजूद लटेरी बीएमओ सहित प्रशासन भी निष्क्रिय बना हुआ है। हमारे द्वारा कई बार खबरों के माध्यम से प्रशासन को आगाह भी किया है। लेकिन इनकी जांच की हिम्मत प्रशासन से लेकर बीएमओ तक नही जुटा पा रहे है। कोई ठोस कार्यवाही न किए जाने के कारण झोलछाप डॉक्टरों की तादाद कुकुरमुत्ते की तरह बढ़ती ही जा रही है वह लगातार मरीजों को मौत बांटने का काम कर रहे हैं। लटेरी प्रशासन सहित बीएमओ भी इसमें साझेदार बने हुए है। नगर लटेरी सहित ग्रामीण इलाकों में झोलाछाप डॉक्टरों की भरमार है दिनों दिन इनकी तादाद बढ़ती ही जा रही है, इनके पास न तो कोई डिग्री है न अनुभव और न ही लाइसेंस। इसके बाबजूद वह बेरोक टोक धड़ल्ले से इलाज कर रहे हैं। झोलाछाप डॉक्टरों को लटेरी बीएमओ का कोई डर नहीं है। शहर एवं ग्रामीण इलाकों को



मिलाकर इनकी संख्या सैकड़ा को पार कर चुकी है। इनके द्वारा दी जाने वाली अनाप-शनाप दवाइयां कई मरीजों की जिंदगी से खिलवाड़ हो रहा है। अगर यह कहा जाए कि झोलाछाप डॉक्टर दवा नहीं बल्कि मौत बांट रहे हैं तो इसमें किसी प्रकार का संशय नहीं होना चाहिए।

### सिरोंज में तीन अवैध क्लिनिक हुए सील

लटेरी में घटना के बाद स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों को कार्रवाई करने की याद आई गुरुवार रात्रि को हाजीपुर में एक झोला छाप डॉक्टर के क्लीनिक को सील किया यहां पर गंभीर मरीज का इलाज चल रहा था उसको शासकीय राजीव गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया। शुक्रवार को वीएमओ विकास सिंह बघेल ने पथरिया 1 और दीपना खेड़ा में 1 अवैध रूप संचालित हो रहे क्लिनिक को भी सील किया गया है यहां से दवाइयां को भी जप्त किया साथ ही फर्जी तरीके से मरीज का इलाज करने पर प्रकरण भी दर्ज करवाया जाएगा इस कार्रवाई के बाद झोलाछाप मैं हड़कंप मचा हुआ है। अधिकांश फर्जीक्लीनिक दिन भर बंद रहे नगर में भी कई अस्पताल फर्जी डॉक्टरों के भरोसे ही चल रहे हैं इन पर भी प्रशासन करवाई कर पाएगा या नहीं है तो आने वाले दिनों में ही पता चलेगा। वहीं देखने जितने भी फर्जी क्लिनिक सील हुए हैं उन पर कड़ी कार्रवाई हो पाएगी या नहीं या फिर कुछ दिनों जाएंगे बाद खुल जाएंगे ।

> **इनका कहना है**
>
> आज प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा नगर के क्लीनिकों की जांच की गई, अधिकतर क्लीनिक बंद पाए गए, मलनियां रोड पर दो क्लीनिक खुले पाए गए, उनके पास कोई वैध डॉक्यूमेंट नहीं थे, इसलिए उनको सील किया गया है।
>
> **अभिषेक उपाध्याय ब्लॉक मेडिकल अधिकारी लटेरी**

### लैपटॉप के लिए 219 छात्रों को मिली राशि, विधायक ने किया संवाद

# उच्च शिक्षा के लिए सरकार संकल्पित : शर्मा

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

80 से अधिक अंक प्राप्त करने वाले के विकासखंड के 219 विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए लैपटॉप के लिए शुक्रवार को प्रदेश सरकार के मुखिया डॉ मोहन यादव ने लाइव कार्यक्रम के माध्यम से राशि इनके खातों राशि डाली विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम उत्कृष्ट विद्यालय में हुआ इसमें क्षेत्र विधायक उमाकांत शर्मा भी सम्मिलित हुए सरकार के द्वारा प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना% अंतर्गत राज्य स्तरीय मेधावी छात्रों को दी है। भोपाल से मुख्यमंत्री मोहन यादव ने लाइव कार्यक्रम से लैपटॉप हेतु राशि विद्यार्थियों को प्रधान की साथ ही सीएम का लाइव प्रसारण भी सभी ने सुना इसके उपरांत विधायक शर्मा ने विकासखंड के विभिन्न शासकीय



विद्यालयों के प्रतिभाशाली 219 छात्रों छात्राओं को बधाई दी। इन छात्रों को लैपटॉप खरीदने के लिए 25 हजार रु की राशि इनके खातों में मुख्यमंत्री द्वारा हस्तांतरित की गई है। वहीं श्री शर्मा ने सभी विद्यार्थियों से संवाद किया एवं प्रतिभावान विद्यार्थियों का पटका पहनाकर स्वागत किया। 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों से शिक्षण आदि के संबंध में चर्चा की उन्होंने मंच से संबोधित करते हुए लैपटॉप प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की सरकार की योजना की सराहना करते हुए विद्यार्थियों से तकनीकी दक्षता के साथ जीवन में आगे बढ़ने का आह्वान किया। यह योजना मेधावी छात्रों को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से संचालित की जा रही है। जिससे प्रतिभाशाली विद्यार्थी अपनी उच्च शिक्षा और तकनीकी ज्ञान को बेहतर बना सकें।

सांदीपनि विद्यालय के प्राचार्य महेश ताम्रकार ने शासन की योजना अंतर्गत विकासखंड की जानकारी साझा करते हुए बताया कि अब तक इस शाला से 304 विद्यार्थी लैपटॉप योजना का लाभ प्राप्त कर चुके हैं, और वर्ष 2025 में 54 विद्यार्थियों को 25,000 की प्रोत्साहन राशि उनके खातों में ट्रांसफर की गई है इस राशि से लैपटॉप लेकर अच्छी शिक्षा शिक्षा प्राप्त करके जीवन में काफी बदलाव भी कर सकते हैं इसका उपयोग सही तरीके से करे लैपटॉप के लिए राशि खातों में आने पर छात्रों में उत्साह, देखने को मिल। इस दौरान वरिष्ठ शिक्षक सत्यनारायण शर्मा, संजीव माथुर, शान मिया, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि तोष मणी पंथी, संजय सोनी सहित समस्त शिक्षक गण और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## मक्का के खेतो का निरीक्षण कर चूहों से होने वाले नुकसान से बचने के उपाए बताए

**सिरोंज।** लटेरी विकासखण्ड के ग्राम ओखलीखेडा, बंदीपुर, सिराजनगर, खेरखेडी आदि क्षेत्रों में किसानों द्वारा लगाई गई मक्का में चूहों के द्वारा अत्यधिक नुकसान हो रहा है। ऐसी सूचना दैनिक समाचार पत्र के माध्यम से कृषि अधिकारियों को प्राप्त हुई जिसे संज्ञान लेते हुये आज शुक्रवार को उप संचालक कृषि केएस खपेडिया, सहायक संचालक कृषि महेन्द्र कुमार ठाकुर, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी रितेश परमार ने क्षेत्र का भ्रमण कर फसलों का निरीक्षण किया। कृषकों ने बताया कि इनकी संख्या बारिश के साथ तेजी से बढ़ रही है, जिससे मक्का की बीज एवं जड़ों को नुकसान हो रहा है। कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि चूहे न केवल पैदावार घटा रहे हैं, बल्कि भंडारण में भी अनाज को खराब कर रहे हैं। इस संकट से निपटने के लिए कृषकों को अपने खेतों का नियमित निरीक्षण कर चूहों के बिलों और नुकसान के संकेतों की जांच करनी चाहिए एवं नुकसान से बचने के लिये निम्न उपाय किसानों को सुझाए गए हैं। जैविक नियंत्रणरू खेतों में उल्लुओं के बैठने के लिए टी-पोल लगाना, जो प्राकृतिक शिकारी होते हैं। रासायनिक नियंत्रण एक किलोग्राम अनाज में 250 ग्राम जिंक फॉस्फाइड दवा मिलाकर चूहों को मारने के लिये खेत में जगह-जगह पर या चूहों के बिलों के आसपास रख देना चाहिए या ब्रोमेडियालोन नामक दवा 15 ग्राम लेकर चूहों के बिलो में डाला जा सकता है। खेत में चूहों को आकर्षित करने वाले कारक, चूहों को छिपने और भोजन के स्त्रोंतो को कम करना चाहिए इसके लिये पिछली फसल के अवशेष और खरपतवारों को खेत से नष्ट करना चाहिए। चूहों को नियंत्रित करने के लिये एक बडे क्षेत्र में सम्मिलित रूप से सामूहिक प्रयास करना अधिक प्रभावी होता है क्योंकि इससे चूहों की वापसी की गति कम हो जाती है। कृषि अधिकारियों ने किसानों को सलाह दी है ।

### कलेक्टर अंशुल गुप्ता का अभिनव प्रयास

# पोषण संजीवनी अभियान- जन भागीदारी से कुपोषण से मुक्ति

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

विदिशा पोषण संजीवनी अभियान - जन भागीदारी से कुपोषण से मुक्ति यह एक अभियान है जिसका उद्देश्य जन भागीदारी के माध्यम से कुपोषण को समाप्त करना है। यह अभियान, पोषण अभियान का एक हिस्सा है, जो भारत सरकार द्वारा कुपोषण को कम करने के लिए शुरू किया गया है। इस अभियान के क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर श्री गुप्ता के द्वारा विदिशा जिले में अभिनव प्रयास किये जा रहे हैं। जिसका मुख्य लक्ष्य बच्चों, किशोरों, गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं में कुपोषण और एनीमिया को कम करना है। यह अभियान जागरुकता बढ़ाकर और समुदाय को शामिल करके कुपोषण से निपटने पर केंद्रित है।

इस अभियान को प्रभावी एवं सफल बनाने के लिए कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ के द्वारा प्रतिदिन अभियान की समीक्षा महिला एवं बाल विकास विभाग के साथ की जा रही है। अभियान हेतु महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती विनीता लोढा द्वारा सभी परियोजना अधिकारियों के साथ प्रतिदिन व्हीसी के माध्यम से जानकारी प्राप्त की जा रही है। पोषण संजीवनी अभियान के अंतर्गत जन भागीदारी से प्रत्येक कुपोषित बच्चे को तीन माह के लिए 3000 रुपये की राशि प्रतिमाह 1000 के मान से सहयोग राशि प्रदान की जाएगी। इस राशि का उपयोग कुपोषित बच्चे को सुपोषण किट उपलब्ध कराना है।

पोषण संजीवनी अभियान में जमीनी कार्य हेतु जिले में अति कुपोषित बच्चों की संख्या के आधार परकिट तैयार की जा रही है। कुपोषित बच्चों के परिवार के सदस्यों को कुपोषण हेतु जागरूक करने का एक सप्ताह का अभियान चलाया जाएगा। जिसमें कार्यकर्ता द्वारा गृहभेंट करते हुये कपोषण से मुक्ति हेतु साफ सुथरा एवं स्वच्छ भोजन हेतु जागरूक किया जाएगा।

### सुपोषित किट का वितरण

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने शुक्रवार को बासौदा क्षेत्र में भ्रमण के दौरान राजीव गांधी शासकीय जन चिकित्सालय में संचालित एनआरसी का भी निरीक्षण किया और यहां उन्होंने प्रतीक स्वरूप आठ बच्चो के माताओं को सुपोषित किट प्रदाय की। इसी प्रकार बासौदा के पटवारी सभागृह कक्ष में आयोजित बैठक के दौरान 14 कुपोषित बच्चों की माताओं को सुपोषित किट प्रदाय की और किट में दी जाने वाली सामग्री का उपयोग बच्चों के खान-पान पर भी करने की सलाह दी गई है। इस दौरान किट में उपलब्ध सामग्री के संबंध में महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती विनिता लोढ़ा के द्वारा विस्तारपूर्वक जानकारियां सांझा की गई और बच्चो की माताओं से कहा कि किट की सामग्री को तैयार करने में किसी भी प्रकार की दिक्कत हो तो आंगनबाडी कार्यकर्ता एवं सहायिका से चर्चा की जा सकती है।

### पोषण संजीवनी से बड़े लक्ष्यों को साधने की कोशिश

जिले के 1538 अति कुपोषित बच्चों को कुपोषण मुक्त से करना। कुपोषण मुक्ति हेतु पर्याप्त पोषण की उपलब्धता जनभागीदारी से सुनिश्ति करना। पोषण अभियान के तहत बच्चों के लिये सही पोषण की समुदाय में जागरूकता लाना। धात्री माताओं को स्वंय एवं बच्चों के लिये सुपोषण की जानकारी। बच्चों एवं धात्री माताओं को न्यूट्रिशियन एवं स्वक्ष एवं साफ सुथरा भोजन हेतु प्रेरित करना। जनभागीदारी से धात्री माताओं एवं बच्चों ( 06 माह से 06 वर्ष के अति कुपोषित बच्चों) को पर्याप्त न्यूट्रिशियन की उपलब्धता कराने हेतु किट प्रदाय। पोषण संजीवनी अभियान अंतर्गत राशि 3000 रूपए प्रत्येक कुपोषित बच्चे-माता को दिए जाते हैं।

**मेट्रो एंकर** कलेक्टर ने बासौदा राजीव गांधी जन चिकित्सालय का निरीक्षण किया

# गांव के रहवासियों को आवश्यकताओं के लिए इधर-उधर भटकना न पड़े : कलेक्टर

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

विदिशा कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने बासौदा के राजीव गांधी जन चिकित्सालय का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न वार्डों में पहुंचकर संचालित गतिविधियों को देखा एवं मरीजों को दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं और उनकी होने वाली जांचों की जानकारी ली। उन्होंने ने एनआरसी वार्ड में भर्ती आठ बच्चों को जन सहयोग से प्राप्त पौष्टिक पोषण आहार युक्त सुपोषण किट प्रदान की गई। इन सुपोषण किट में तीन माह तक की पौष्टिक पोषण आहार युक्त खाद्य सामग्री है।

कलेक्टर ने भ्रमण के दौरान खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर प्रमेंद्र तिवारी को निर्देशित किया कि अस्पताल में यदि जांच उपकरण व सामग्री की जरूरत हो तो मांग पत्र बनाकर प्रेषित करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं को निर्देशित कर क्षेत्र की हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं को प्रसव के 7 दिन पूर्व बर्थ वेटिंग रूम में भर्ती कराया जाए, ताकि मातृ एवं शिशु मृत्यु को रोका जा सके। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ ओपी सनोडिया, बासौदा एसडीएम विजय राय, महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीता कांस्बा सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

### शिक्षा और सहकारिता विभाग के अमले से संवाद

विदिशा कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने



बासौदा प्रवास के दौरान स्कूल शिक्षा विभाग और सहकारिता विभाग के अधिकारियों के माध्यम से संपादित कार्यों की समीक्षा बासौदा के पटवारी सभागार में की। उन्होंने स्कूल शिक्षा विभाग के अमले को निर्देशित किया है कि एक भी बच्चा स्कूल जाने से वंचित न रहे ऐसे बच्चे जो गांव से अनियंत्रित चले गए हैं उनके अभिभावकों से संपर्क करें और किस स्कूल में दाखिला दिलाया गया है की जानकारी संग्रहित करें। उन्होंने कहा कि वर्षाकाल को ध्यानगत रखते हुए एक भी स्कूल जीर्णशीर्ण भवन में संचालित नहीं हो। शिक्षक समय पर स्कूलों में पहुंचे और अध्यापन कार्य कराए। उन्होंने बच्चों को शैक्षणिक गतिविधियों के तहत सुविधाओं की पृथक पृथक समीक्षा की जिसमें पुस्तकों का वितरण ड्रेस साइकिल सहित अन्य बिंदुएं शामिल है।

सहकारिता विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री गुप्ता ने कहा कि सभी सहकारी समितियां को बहुउद्देशीय बनाया जाना है इसके लिए उचित मूल्य दुकानों के माध्यम से प्रदाय दैनिक आवश्यक सामग्रियां जो प्रिंट रेट पर विक्रय की जाती हैं उन सामग्रियों को समितियां के माध्यम से बचने की व्यवस्था क्रियान्वित की जाए ताकि गांव के रहवासियों को आवश्यक दिनचरिया वस्तुओं के लिए इधर-उधर भटकना न पड़े कलेक्टर श्री गुप्ता ने कहा कि सहकारिता समितियां केवल खाद विक्रय तक सीमित ना रहे उन्होंने गांव की मांगों के अनुरूप सामग्रियां विक्रय करने पर बल देते हुए पीडीएस दुकानों से टाइप करने के निर्देश दिए हैं उन्होंने हर एक सप्ताह संपादित किए जाने वाले कार्यों की जानकारियां उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

### पौधारोपण

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने समीक्षात्मक बैठक में दोनों विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि पौधारोपण कार्यों में भी विभाग की उपलब्धियां पर लिखित हो। उन्होंने हर एक समिति में कम से कम 25-25 पौधे लगाए जाने का लक्ष्य किया है समितियां के माध्यम से तैयार किए जाने वाले डीपीआर हेतु कृषि विषय में स्नातक युवाओं या कर्मचारियों को दायित्व सौंपे जाने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान पीएम आवास के लिए चिन्हित हितग्राहियों के आवासों को मॉर्टगेज पर सहकारिता विभाग के माध्यम से लोन उपलब्ध कराने की प्रक्रिया जिले में क्रियान्वित करने के संबंध में भी आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया है समीक्षात्मक बैठक में जिला पंचायत सीईओ, सीसीबी के सीईओ एसडीम समेत विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी तथा समितियां के सचिव प्रबंधन तथा स्कूल शिक्षा विभाग के बीई, बीआरसी जन शिक्षक मौजूद रहे।

## एजबेस्टन टेस्ट : खेल के तीसरे दिन टीम इंडिया ने कहां किया ब्लंडर?

# फील्डरों ने कैच टपकाए, 4 गेंदबाज विकेट को तरसे, जडेजा भी रहे फेल

**बर्मिंघम, एजेंसी**

मोहम्मद सिराज की घातक गेंदबाजी ( 6 विकेट ) ने तीसरे दिन ( 4 जुलाई ) भारत को इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में मजबूत स्थिति में बनाए रखा। उनको आकाश दीप का भी साथ मिला। हालांकि? बाकी भारतीय गेंदबाजों का प्रदर्शन बेहद खराब रहा, उनकी अंग्रेज बल्लेबाजों ने जमकर कुटाई की। भारत की पहली पारी में 578 रनों के जवाब में इंग्लैंड की टीम 407 रन पर सिमट गई। सिराज और आकाश दीप ( 4/88 ) ने इंग्लैंड के आखिरी 5 विकेट सिर्फ 20 रन पर समेटे। भारत को पहली पारी के आधार पर 180 रनों की अहम बढ़त मिली।

दिन का खेल खत्म होने तक भारत ने दूसरी पारी में 13 ओवर में 64/1 रन बना लिए थे और कुल बढ़त 244 रन की हो चुकी थी। यशस्वी जायसवाल 28 रन बनाकर आउट हुए, जबकि केएल राहुल 28* और करुण नायर 7* रन बनाकर क्रीज पर जमे हैं। अब चौथे दिन ( 5 जुलाई ) भारत तेजी से रन बनाकर इंग्लैंड को बड़ा लक्ष्य दे सकता है। मैच रोमांचक मोड़ पर है।

### प्रसिद्ध कृष्णा ने किया निराश

तीसरे दिन भारत के बाकी गेंदबाजों खासकर प्रसिद्ध कृष्णा ने बेहद निराश किया। उनको देखकर लगा ही नहीं कि वो कहीं से भी विकेट लेने वाले मोड में हैं। उन्होंने 13 ओवर में 5.53 की इकोनॉमी से 72 रन दिए, जो टेस्ट क्रिकेट के ल?िहाज से कहीं से भी सटीक नहीं दिखता है, वहीं उनका ओवरऑल इकोनॉमी रेट टेस्ट क्रिकेट में 5.07 का है, जो किसी भी मानकों पर फिट नहीं बैठता है। जबकि बुमराह का वनडे का इकोनॉमी रेट 4.59 का है।

### जेमी स्मिथ बने इंग्लैंड के सबसे तेज टेस्ट शतक जड़ने वाले कीपर

तीसरे दिन सिराज ने लगातार दो गेंदों पर जो रूट (22) और बेन स्टोक्स (0) को आउट कर इंग्लैंड को शुरुआती झटके दिए। इंग्लैंड का स्कोर उस वक्त 84/5 था। लेकिन स्मिथ और ब्रुक ने 368 गेंदों में 303 रनों की रिकॉर्ड साझेदारी की। कुल मिलाकर इस पार्टनरशिप को तोड़ने में ग?िल का हर एक्सपेरिमेंट फेल दिखा।




**जडेजा, सुंदर, कृष्णा, रेड्डी सब फेल** | सिराज ने नई गेंद से कमाल करते हुए कुल 6 विकेट झटके। आकाश दीप ने भी ब्रुक का महत्वपूर्ण विकेट लेकर इंग्लैंड की पारी को समेटा। लेकिन भारतीय स्पिनर रवींद्र जडेजा और वॉशिंगटन सुंदर प्रभावशाली नहीं रहे। एजबेस्टन टेस्ट के तीसरे दिन भारत के चार मुख्य गेंदबाज पूरी तरह नाकाम साबित हुए। प्रसिद्ध कृष्णा ने 13 ओवर में 72 रन देकर कोई विकेट नहीं लिया और उनकी इकॉनमी 5.53 रही, जिससे इंग्लैंड के बल्लेबाजों को तेजी से रन बनाने का मौका मिला। नीतीश कुमार रेड्डी ने 6 ओवर में 29 रन दिए लेकिन वह भी विकेट लेने में नाकाम रहे।

### भारतीय टीम ने एजबेस्टन में भी कैच छोड़े

लीड्स (हेडिंग्ले) में हुए मुकाबले में भारतीय टीम ने खूब कैच टपकाए थे, उनकी यह दिक्कत एजबेस्टन टेस्ट की इंग्लैंड की पहली पारी के दौरान भी कायम रही। दरअसल, भारत को दो बार विकेट के मौके मिले, जब ऋषभ पंत ने स्मिथ का एक कठिन कैच छोड़ा और शुभमन गिल ने ब्रुक का कैच ड्रॉप किया। 53.1 ओवर में नीतीश की गेंद पर जेमी स्मिथ का शॉट बल्ले का किनारा लेकर स्लिप की तरफ गया, लेकिन गेंद विकेटकीपर ऋषभ पंत के पास से निकल गई। पंत ने डाइव लगाकर पकड़ने की कोशिश की, उंगलियों से गेंद छू भी गई, लेकिन कैच नहीं ले सके। ये बहुत मुश्किल मौका था, पंत खुद से नाराज दिखे।



## विम्बलडन 2025

## बेन शेल्टन ने रिंकी हिजिकाता को हराया

# नाओमी का सफर तीसरे दौर में खत्म

**लंदन, एजेंसी**

**पूर्व नंबर एक खिलाड़ी नाओमी ओसाका शुक्रवार को अनास्तासिया पाव्लुचेंकोवा के खिलाफ 3-6, 6-4, 6-4 से हार के साथ ही विम्बलडन के तीसरे दौर से बाहर हो गयी। चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन ओसाका की मौजूदा रैंकिंग में 50वें स्थान है।**

उन्होंने अपने सभी ग्रैंड स्लैम खिताब हार्ड कोर्ट (यूएस ओपन और ऑस्ट्रेलियन ओपन दोनों में दो-दो बार) पर हासिल किए है। ओसाका इस साल ऑल इंग्लैंड क्लब में अपने पिछले चार में से तीन मैच हारकर पहुंची थीं और उनका करियर रिकॉर्ड वहां 5-4 का था। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2017 और 2018 में तीसरे दौर में पहुंचना था। उन्होंने 2021, 2022 और 2023 में टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लिया था। पाव्लुचेंकोवा तीसरे सेट में 4-ऑल से मैच के अंतिम 10 में से आठ अंक भुनाने में सफल रही।

दो बार ग्रैंडस्लैम के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले बेन शेल्ट ने शुक्रवार को यहां विम्बलडन के दूसरे दौर में रिंकी हिजिकाता को 6-2, 7-5, 6-4 से हरा दिया। यह मैच अंधेरे के कारण तीसरे सेट में स्थगित कर दिया गया था। अमेरिका के 10वें वरीय शेल्टन 2023 अमेरिकी ओप और इस साल के ऑस्ट्रेलियाई ओपन के अंतिम चार में पहुंचे थे। अब शेल्टन का सामना 105वीं रैंकिंग के हंगरी के मार्टन फुकसोविच से होगा।

### नौरी ने टियाफो को हराया, सिएरा से हार कर बौल्टर हुए टूर्नामेंट से बाहर

ब्रिटेन की महिला टेनिस खिलाड़ी एम्मा राडुकानू और अमेरिका के दिग्गज टेलर फिट्ज ने अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज कर तीसरे दौर में जगह बना ली है। एम्मा राडुकानू ने चेक गणराज्य की पूर्व चैंपियन मार्केटा वोंद्रोसोवा को हराकर विंबलडन चैंपियनशिप के महिला एकल के तीसरे दौर में प्रवेश किया। ब्रिटेन के स्टार कैमरून नौरी ने रोमांचक मुकाबले में फ्रांसेस टियाफो को हराकर विंबलडन के तीसरे दौर में जगह बना ली है।

## वर्ल्ड चैंपियन गुकेश ने नंबर वन कार्लसन को फिर हराया




**जाग्रेब , क्रोसिया ।** सुपरयूनाइटेड रैपिड के दूसरे दिन का समापन हो गया, और भारतीय स्टार और वर्तमान विश्व चैम्पियन डी गुकेश ने अपने शानदार प्रदर्शन को जारी रखते हुए लगातार पांचवीं जीत दर्ज की। गुकेश ने दिन की शुरूआत पहले उज्बेकिस्तान के अब्दुसत्तारोव को पराजित करते हुए की और उसके बाद उन्होने यूएसए के फबियानों करूआना को मात देते हुए लगातार दूसरी जीत से एकल बढ़त कायम कर ली पर इसके बाद हुआ सबसे बड़ा मुकाबला जहां पर गुकेश नें विश्व के नंबर एक खिलाड़ी और पाँच बार के विश्व चैम्पियन नॉर्वे के मैगनस कार्लसन के बीच मुकाबला , जिसमें काले मोहरो से खेल रहे गुकेश एक समय इंग्लिश ओपनिंग मे मुश्किल मे नजर आ रहे थे पर कार्लसन की प्यादे की एक गलत चाल के बाद गुकेश नें बेहद शानदार खेल दिखाते हुए 49 चालों मे जीत दर्ज की । यह जीत इसीलिए भी खास है क्यूंकी प्रतियोगिता के पहले कार्लसन नें गुकेश को रैपिड में कमजोर खिलाड़ी करार दिया था। फिलहाल अब गुकेश 10 अंको के साथ सबसे आगे चल रहे है । गुकेश न केवल हर मैच में गहरी तैयारी और आत्मविश्वास दिखा रहे हैं, बल्कि उन्होंने समय का भी बेहतरीन प्रबंधन किया है।

# अपने देश में, अपने नाम पर टूर्नामेंट में खिताब के सबसे प्रबल दावेदार नीरज



**बेंगलुरू , एजेंसी**

अपने नाम पर होने वाले पहले एनसी क्लासिक भालाफेंक टूर्नामेंट में दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा खिताब के प्रबल दावेदार तो होंगे ही , साथ ही उनकी नजरें इस साल में दूसरी बार 90 मीटर की बाधा पार करने पर लगी होंगी । 27 वर्ष के नीरज इस खेल में लगभग सभी खिताब जीत चुके हैं जिनमें ओलंपिक, विश्व चैम्पियनशिप स्वर्ण पदक, डायमंड लीग फाइनल ट्रॉफी , एशियाई खेल और राष्ट्रमंडल खेल स्वर्ण पदक शामिल हैं। नीरज चोपड़ा क्लासिक का पहला सत्र भारतीय प्रशंसकों को विश्व स्तरीय टूर्नामेंट देखने का मौका देने के मकसद से आयोजित किया गया है जिससे खेल की लोकप्रियता भी बढेगी । चोपड़ा ने स्वीडन के पोल वॉल्टर अर्मांडो डुप्लांटिस और कीनिया के लंबी दूरी के धावक किपचोगे कीनो से प्रेरणा ली है जिनके नाम पर अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट मोंडो क्लासिक और किप कीनो क्लासिक होते हैं । कांतीरावा स्टेडियम पर होने वाले इस टूर्नामेंट में भारतीय प्रशंसकों को चोपड़ा को खेलते देखने का मौका मिलेगा । वह भी फिर से 90 मीटर से ऊपर का थ्रो फेंकना चाहेंगे जो उन्होंने मई में दोहा डायमंड लीग में फेंका था । चोपड़ा एक साल बाद भारत में खेल रहे हैं ।

तोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण और पेरिस में रजत पदक जीतने वाले हरियाणा के इस खिलाड़ी ने कहा , भारत में इस तरह के टूर्नामेंट का आयोजन लंबे समय से मेरा सपना रहा है जो अब सच होने जा रहा है । उन्होंने कहा ,मैं बहुत रोमांचित हूं । मैने देश के लिये ओलंपिक और अन्य पदक जीते हैं लेकिन अब इस टूर्नामेंट के जरिये भारतीय एथलेटिक्स, एथलीटों और प्रशंसकों को कुछ लौटाने जा रहा हूं।

## मनोरंजन

## बॉलीवुड का कोना

# खून से लथपथ चेहरा-हाथ में नुकीला हथियार, गलवान की लड़ाई पर्दे पर दिखाने तैयार सलमान




सलमान खान के फैंस के लिए एक बड़ी गुड न्यूज सामने आई है। सिकंदर के बाद, बॉलीवुड के भाईजान ने अपनी अगली फिल्म की ऑफिशियल अनाउंसमेट कर दी है। उनकी फिल्म बैटल ऑफ गलवान का ऑफिशियल मोशन पोस्टर रिलीज हुआ है जिसमें सलमान का लुक सामने आया। ये फिल्म अपूर्व लाखिया डायरेक्ट करने वाले हैं।

इस साल सलमान सिकंदर फिल्म लेकर आए जो बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप साबित हुई। ये फिल्म उनके करियर की भी सबसे बड़ी फ्लॉप थी। सलमान को इस फिल्म से काफी ट्रोलिंग का सामना भी करना पड़ा था। जिसके बाद खबर थी कि उन्होंने करियर से संबंधित कुछ कड़े फैसले लिए। ऐसा सुनने में आया कि सुपरस्टार अब अपूर्व लाखिया संग गलवान वैली पर फिल्म बनाएंगे। पिछ्ले काफी समय से इससे जुड़ी अपडेट्स भी सामने आईं। हाल ही में सलमान ने एक पोस्ट शेयर भी किया जिसमें वो अपनी फिल्म का पोस्टर टीज करते नजर आए। अब फाइनली वो इसे ऑफिशियली सभी के सामने प्रेजेंट कर चुके हैं। इस अनाउंसमेंट टीजर में उनका पूरा चेहरा खून से लथपथ नजर आता है। सलमान के हाथ में एक हथियार भी है जिससे वो दुश्मनों का खात्मा कर रहे हैं। उनकी आंखों में एक किस्म की आग नजर आई जिसने उनके लुक को और भी बेहतरीन बनाया।

# आंखों की गुस्ताखियां बनाने के लिए प्रोड्यूसर ने बेचे गहने, 11 जुलाई को रिलीज होगी फिल्म



**विक्रांत मैसी और शनाया कपूर की फिल्म बआंखों की गुस्ताखियां थिएटर में रिलीज होने के लिए तैयार है। फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो चुका है, जिसे फैन्स का भरपूर प्यार मिल रहा है। ट्रेलर देखने के बाद लोग कयास लगा रहे हैं कि आने वाले फ्राइडे सिनेमाघरों में एक अच्छी मूवी देखने को मिलेगी। ट्रेलर देखकर फैन्स शनाया की एक्टिंग की भी काफी तारीफ कर रहे हैं। फिल्म को मंसी बागला ने प्रोड्यूस किया है। बहुत कम लोग जानते होंगे कि उन्होंने फिल्म बनाने के लिए अपना सबकुछ दांव पर लगा दिया है।**

**फिल्म पूरी करने के लिए बेचे गहने-घर** - मंसी का कहना है कि आंखों की गुस्ताखियां की शूटिंग पूरी करने के लिए उन्हें अपने गहने और घर बेचना पड़ा। बातचीत में वो कहती हैं- हां एक वक्त ऐसा आया था जब शूट पूरा करने के लिए मैंने अपने गहने बेच दिए। मुझे मेरा दूसरा घर भी बेचना पड़ा। पर मुझे ये सब करने का कोई पछतावा नहीं है।

एक समय में मैंने अपने आपको ये सब करने के पुश किया था। ताकि मैं एक कदम आगे बढ़ सकूं। एक पॉइंट पर ये प्रेशर अच्छा था। आगे जाकर यही चीज मेरे लिए फायदेमंद साबित हुई। मैंने अपनी फिल्म तब बनाई थी, जब कोविड 19 पीक पर था। इस दौरान मैं मेटलिस्टिक चीजों के मोह से निकल चुकी थी। मैंने अपनी आरामदायक जिंदगी छोड़कर अपने सपनों का पीछा करना शुरू किया। मुझे ये कहते हुए खुशी हो रही है कि आज मैं ये सब करके एक खुशहाल जिंदगी जी रही हूं।

### सपनों के लिए दी कुर्बानी

आगे उन्होंने कहा कि मैंने प्यार को अपना धर्म चुना। ये भी समझ आया कि सपने पूरे करने के लिए बहुत सारी चीजों की कुर्बानी देनी होगी। मैंने फैसला किया कि जब तक मैं पांच सुपरहिट फिल्में नहीं दूंगी, तब तक बच्चा नहीं करूंगी। मैं अपने इस फैसले पर कायम रहूंगी। मंसी कहती हैं कि मदरहुड में देरी करके मैं सुकून में हूं। उन्होंने ये भी बताया कि उन्हें कास्टिंग और राइटिंग का काफी शौक है। मंसी कहती हैं कि मैंने फिल्म को इस तरह प्रोड्यूस किया है, जैसे कोई बच्चा पैदा करता है। मुझे पता है कि मेरा दिल इस जगह बिल्कुल सही है। मंसी ने अपने करियर के लिए जो किया, वो करना हर किसी के बस की बात नहीं है।



## मेट्रो बाजार

# माइक्रोसॉफ्ट ने 25 साल बाद पाकिस्तान को कहा अलविदा

**नई दिल्ली।** दुनिया की दिग्गज टेक कंपनी माइक्रोसॉफ्ट ने पाकिस्तान को बड़ा झटका दिया है। कंपनी ने पाकिस्तान में अपना ऑपरेशन बंद करने का फैसला किया है। साल 2000 में कंपनी ने वहां अपना कामकाज शुरू किया था और अब लगभग 25 साल बाद उसने देश से अपना कॉर्पोरेट ऑपरेशन समेटने का निर्णय लिया है। हालांकि, माइक्रोसॉफ्ट का पाकिस्तान में कभी पूर्ण रूप से स्थापित कॉर्पोरेट ऑफिस नहीं रहा लेकिन उसका शैक्षणिक, सरकारी और कॉर्पोरेट सेक्टर में मजबूत प्रभाव रहा है। माइक्रोसॉफ्ट ने




पाकिस्तान में उच्च शिक्षा आयोग और पंजाब ग्रुप ऑफ कॉलेजेज जैसे संस्थानों के साथ मिलकर डिजिटल स्किल्स की ट्रेनिंग, के जरिए रिमोट लर्निंग और टेक्नॉलॉजी सॉल्यूशंस की सुविधा दी। कंपनी ने 200 से अधिक उच्च शिक्षण संस्थानों को तकनीकी सेवाएं भी उपलब्ध कराईं। पाकिस्तान में माइक्रोसॉफ्ट के पूर्व कंट्री मैनेजर जवाद रहमान ने बताया कि यह निर्णय पूरी तरह बिजनेस और रणनीति से जुड़ा है। उन्होंने कहा कि यह कदम इस ओर इशारा करता है कि मौजूदा माहौल में वैश्विक कंपनियों के लिए पाकिस्तान में काम करना चुनौतीपूर्ण हो गया है। ब्रिटेन की टेक साइट के अनुसार, माइक्रोसॉफ्ट के प्रवक्ता ने कहा है कि कंपनी पाकिस्तान में अपने ऑपरेटिंग मॉडल में बदलाव कर रही है। हालांकि उन्होंने स्पष्ट किया कि इससे माइक्रोसॉफ्ट की सेवाओं या ग्राहक समझौतों पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

# आरबीआई का नया नियम 1 जनवरी, समय से पहले लोन चुकाने पर नहीं लगेगा चार्ज

**मुंबई ।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया यानी आरबीआई ने लोन लेने वालों को राहत दी है। दरअसल, आरबीआई ने फ्लोटिंग इंटरेस्ट रेट वाले लोन पर प्री-पेमेंट चार्ज खत्म करने का फैसला किया है। रिजर्व बैंक का यह नया नियम 1 जनवरी 2026 से लागू होगा। अगर कोई व्यक्ति समय से पहले अपने लोन को थोड़ा या पूरा चुकाता है, तो बैंक ये चार्ज वसूलता था। नया नियम सभी बैंकों और नॉन-बैंकिंग फाइनेंस कंपनियों समेत रेगुलेटेड इंस्टीट्यूशंस के लिए अनिवार्य रहेगा। इससे करोड़ों लोन लेने वाले लोगों, खासकर होम लोन और एमएसई लोन लेने वालों को सीधा फायदा मिलेगा।




**फैसले से किसे फायदा मिलेगा?**- इस फैसले से उन व्यक्तियों को फायदा मिलेगा , जिन्होंने नॉन कॉमर्शियल काम के लिए फ्लोटिंग रेट पर लोन लिया है। भले ही किसी व्यक्ति ने अकेले लोन लिया हो या को-ऑब्लिगेंट के साथ लोन लिया हो। ऐसे सभी लोन पर कोई भी बैंक या एमबीएफसी प्री-पेमेंट चार्ज नहीं वसूल सकेगा। इसके अलावा अगर किसी व्यक्ति ने बिजनेस के लिए लोन लिया है या किसी माइक्रो एंड स्मॉल एंटरप्राइजेज ने लोन लिया है, तब भी कॉमर्शियल बैंक प्री-पेमेंट चार्ज नहीं लगाएंगे। हालांकि, यह छूट कुछ खास कैटेगरी के इंस्टीट्यूशंस पर लागू नहीं होगी। अगर किसी व्यक्ति या एमएसई को ऊपर दिए गए इंस्टीट्यूशंस से 50 लाख तक का लोन मिला है, तो उस पर भी प्री-पेमेंट चार्ज नहीं लगाया जा सकेगा।

### फर्जी ज्वानिंग लेटर थमाकर कर रहा था ठगी, सायबर क्राइम ब्रांच की टीम ने किया गिरफ्तार

# अमेजन में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाला गिरफ्तार

भोपाल, दोपहर मेट्रो

**भोपाल।** सायबर क्राइम ब्रांच की टीम ने अमेजन कंपनी में नौकरी दिलाने का झांसा देकर बेरोजगारों से ठगी करने वाले जालसाज को गिरफ्तार किया है। आरोपी अब तक अस्सी लोगों से दस हजार रुपए इंटरव्यू के नाम पर लेकर आठ लाख रुपए की ठगी कर चुका था। इतना ही नहीं आरोपी ने ठगी के शिकार हुए बेरोजगारों को अमेजन कंपनी का फर्जी कॉल लेटर भी थमाया है। पुलिस के अनुसार 11 मार्च 2024 को पन्ना निवासी सलमान खान ने निशातपुरा पुलिस को शिकायती आवेदन दिया था।

शिकायती आवेदन में उसने बताया कि अमेजन में नौकरी लगवाने के नाम उसके साथ 5 लाख रुपए की धोखाधड़ी हुई है। आवेदन ने बताया कि उसने खुद और अपने परिचितों की अमेजन में नौकरी लगवाने के लिए नबील सिद्दकी से संपर्क किया था। इस शिकायत के बाद पुलिस के पास अन्य शिकायतें भी मिली। सभी शिकायतों के अनुसार अस्सी लोगों के साथ आरोपी ने जालसाजी की थी।




## अमेजन कंपनी में कर चुका है काम

आरोपी नवील सिद्धिकी पहले अमेजन कंपनी में टेलीकॉलिंग का काम कर चुका है। उसने सलामान को अमेजन में पुणे में रिक्रूटर के पोस्ट पर होना बताया । सलमान ने अपनी नौकरी की बात की तो आरोपी ने उसे फर्जी ज्वाईनिंग लेटर दे दिया। इसके बाद कहा कि एक व्यक्ति की भर्ती नहीं होगी। पूरा बैच बनाकर भर्ती की जाएगी। जालसाज की बातों में आकर सलमान ने अपने अन्य परिचितों को नौकरी का बताया। सलमान पर विश्वास करते हुए अन्य परिचित लोगों ने आरोपी से अमेजन में नौकरी दिलाने के नाम पर सम्पर्क किया।

## एक इंटरव्यू के दस हजार

आरोपी नबील सभी से इंटरव्यू के नाम पर 10 हजार रुपए अपने बैंक अकाउंट में लेता था। उसके बाद सभी को फर्जी तरीके से अमेजन कंपनी के नाम पर तैयार की गयी ईमेल आईडी के से फर्जी कॉल लेटर भेज दे देता था। बाद में लोग पूछते थे कि कब होगी ज्वाईनिंग तो कोई भी बहाना बनाकर उन्हें कुछ दिन रुकने का कहता था। आरोपी स्नातक की पढ़ाई पूरी कर

### 16 834 रुपए की शॉपिंग की, एटीएम में अचानक फंसा था कार्ड

## एटीएम क्लोन बनाकर बुजुर्ग महिला के खाते से दो लाख तीस हजार रुपए निकाले

**भोपाल।** हबीबगंज पुलिस ने बुजुर्ग महिला की शिकायत पर अज्ञात जालसाज के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। जालसाज ने बुजुर्ग महिला के एटीएम का क्लोन बनाकर उनके खाते से 2 लाख 30 हजार रुपए की नगदी निकाल ली। इतना ही नहीं उसने 16 हजार 834 रुपए की खरीदारी भी की है। जालसाज ने बुजुर्ग महिला को कुल 2 लाख 64 हजार 834 रुपए का चूना लगाया है। पुलिस ने अज्ञात जालसाज पर धोखाधड़ी की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार गायत्री सोंगर पति लक्ष्मण सिंह सोंगर (62) ई-7/808, अरेरा कॉलोनी, हबीबगंज में रहती हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि उनका आईसीआईसीआई बैंक में अकाउंट है। गत 10 फरवरी की रात करीब 9 बजे उन्होंने अपने आईसीआईसीआई डेबिट कार्ड से 12 नंबर स्थित पंजाब नेशनल बैंक के एटीएम से 15 हजार रुपए की नगदी निकाली। ट्रांजेक्शन के दौरान उनका डेबिट कार्ड एटीएम बूथ में फंस गया। उन्होंने काफी प्रयास किया, लेकिन डेबिट कार्ड बाहर नहीं निकल रहा था। लिहाजा उन्होंने एटीएम बूथ में लिखे टोल फ्री नंबर पर कॉल किया। इस दौरान कॉलर ने उन्हें कहा कि एटीएम में मौजूद काली बटन को कुछ देर दबाकर रखें और बाद में इंटर वाला बटन दबा दीजिए। ऐसा करने पर तीस मिनट बाद उनका डेबिट कार्ड एटीएम से बाहर निकल आया। वह एटीएम लेकर घर चली गई।

**अगले ही दिन से निकलने लगे अकाउंट से रुपए** 11 फरवरी की रात गायत्री के मोबाइल पर 20 हजार रुपए ट्रांजेक्शन होने का मैसेज मिला। इसी तरह 11 फरवरी की रात साढ़े 11 बजे से 13 फरवरी की सुबह 9 बजे तक उनके खाते से कुल 12 ट्रांजेक्शन हुए। उनके खाते से कुल 2 लाख 64 हजार रुपए निकाले गए हैं। गायत्री आईसीआईसीआई बैंक गई और खाते की जानकारी निकलवाई तो पता चला कि उनके खाते से 1 लाख 30 हजार रुपए की नगदी निकाली गई है ।

### हत्या के बाद शाहरुख को दी थी पिस्टल, ड्राइवर भाई के मालिक ने उठाया फरारी में खर्चा

## कुख्यात बदमाश नसीम को फरारी के समय आर्थिक मदद करने वाला गिरफ्तार

भोपाल, दोपहर मेट्रो

भोपाल। छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित लीलाधर कॉलोनी में युवक की गोली मारकर हत्या करने वाले कुख्यात बदमाश नसीम उर्फ बन्ने खां की मेडिकल रिपोर्ट पुलिस को मिल गई है। रिपोर्ट के अनुसार उसे लाइलाज बीमारी है। आरोपी को चार दिन की रिमांड पर लिया गया था। रिमांड के दौरान आरोपी से शुक्रवार को पिस्टल बरामद की गई।



हत्या की वारदात में नसीम के अलावा कुल छह मुख्य आरोपी थे, जिनमें दो आरोपियों की गिरफ्तारी होनी बाकि है। पुलिस की पांच अलग अलग टीम फरार आरोपियों की तलाश कर रही है।

डीसीपी जोन-4 संजय पवार ने बताया कि लीलाधर कॉलोनी में राजा खटीक की हत्या की नियत से पहुंचे कुख्यात बदमाश नसीम ने 24 साल के अमित वर्मा की गोली मारकर हत्या कर दी थी। हत्या के बाद आरोपी नसीम उर्फ बन्ने खां ने पिस्टल अपने साथी शाहरुख को दी और फरार हो गया था। फरारी के दौरान उसे पैसों की जरूरत थी। यह जरूरत उसके भाई वसीम के मालिक इमरान ने की। दरअसल, इमरान ट्रक का मालिक है और इमरान के पास वसीम ड्राइवर था। पुलिस ने कुख्यात बदमाश नसीम की फरारी में मदद करने वाले आरोपी इमरान पर भी एफआईआर दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया है। प्रकरण में अब तक 12 लोगों को आरोपी बनाया जा चुका है। इसमें मुख्य आरोपी छह है, जिन्होंने जघन्य हत्याकांड को अंजाम दिया था, बाकि सभी आरोपी अपराधियों की मदद करने में जुटे थे।

उल्लेखनीय है कि खटीकपुरा निवासी अमित वर्मा गत 19-20 जून की रात लीलाधर कॉलोनी में रहने वाले राजा खटीक के बर्थडे में शामिल होने पहुंचा था। इस दौरान राजा खटीक और उसके साथियों के साथ गली में खड़ा था, तभी नसीम उर्फ बन्ने खां अपने साथियों के साथ देर रात पहुंचा और विवाद करने लगा। विवाद बढ़ने पर आरोपी नसीम ने तीन फायर किए थे। दो फायर अमित वर्मा को सिर और सीने के पास लगे थे। इससे उसकी मौत हो गई थी। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज किया था, लेकिन सभी आरोपी मौके से भाग निकले थे।

## डेम में नहाने के लिए लगाई छलांग, डूबने से मौत

भोपाल, दोपहर मेट्रो

भोपाल। मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित गुराड़ी घाट डेम में नहाने के लिए उतरे युवक की गहरे पानी में डूबने से मौत हो गई। घटना गत 2 जून बुधवार सुबह की है। युवक के डेम में डूबने की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने एसडीआरएफ की टीम से डेम में सर्चिंग कराई, लेकिन पानी ज्यादा होने के कारण 2 जून की शाम तक उसका कोई सुराग नहीं लगा। अगले ही दिन 3 जून गुरुवार की दोपहर युवक की लाश पानी में उतरती नजर आई। पुलिस ने लाश बाहर निकलवाकर पीएम के लिए के भेल दी।

पुलिस के अनुसार रमेश मंडलोई पिता (44) समसगढ़, रातीबड़ का रहने वाला था और खेती किसानी करता था। कुछ समय पहले वह गुराड़ी घाट मिसरोद में पटेल के खेत पर काम करता था। उसे गुराड़ी घाट में डेम का पता था। परिजन ने बताया कि रमेश पटेल के घर काम छोड़कर अपने गांव लौट गया था और अपने

## न्यायाधीश का लोगो लगाकर व्यवसायी से अड़ीबाजी

भोपाल, दोपहर मेट्रो

भोपाल। हबीबगंज पुलिस ने व्यवसायी की शिकायत पर अज्ञात मोबाइल धारक के खिलाफ आईटी एक्ट और लोकसेवक के पद और नाम के दुरुपयोग का मामला दर्ज किया है। आरोपी व्यवसायी को वॉट्सएप काल करके परेशान कर रहा था। जानकारी के अनुसार अरेरा कालोनी में रहने वाला चालीस साल का युवक शराब कंपनी में नौकरी करता है। उसके पिता स्वयं का व्यवसाय करते हैं। पिछले साल दिसंबर में उनके पिता के पास अज्ञात मोबाइल नंबर से वॉट्सएप काल आया। कॉलर ने खुद को न्यायाधीश बताते हुए बातचीत करनी शुरू कर दी। उसके बाद वह अक्सर ही व्यवसायी को इसी प्रकार के फोन करके दबाव बनाने की कोशिश करने लगा। व्यवसायी ने उसे कई बार समझाने का प्रयास किया, लेकिन जब वह नहीं माना तो इसकी जानकारी बेटे और परिजन को दी। पिछले दिनों बेटे ने इस मामले की शिकायत पुलिस से की, जिसके बाद पुलिस ने अज्ञात मोबाइल धारक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।




एलएनसीटी कॉलेज में महापौर मालती राय ने अंतरराष्ट्रीय इंजीनियरिंग नवाचार एवं प्रौद्योगिकी सम्मेलन को संबोधित किया।

## महिला को डिजिटल अरेस्ट कर 5 लाख ठगने वाला गिरफ्तार

भोपाल, दोपहर मेट्रो

भोपाल। सायबर क्राइम ब्रांच भोपाल की टीम ने एक महिला को डिजिटल अरेस्ट कर 5 लाख रुपये की ठगी करने वाले गिरोह के एक आरोपी को पीथमपुर जिला धार से गिरफ्तार किया है। आरोपी के बैंक एकाउंट का इस्तेमाल ठगी की राशि प्राप्त करने में उपयोग किया गया था। जानकारी के अनुसार कोलार रोड निवासी अनु वर्मा ने इस मामले की शिकायत सायबर क्राइम ब्रांच से की थी। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि अज्ञात व्यक्ति ने उनके मोबाइल पर कॉल किया था। उसके बाद उनके मोबाइल नंबर का इंलीगल कामों में इस्तेमाल किए जाने की धमकी देकर एक फर्जी एफआईआर भेजी। महिला जब डर गई तो जालसाजों ने उसे वीडिया कॉल किया और करीब बारह घंटे तक डिजिटल अरेस्ट करके रखा। इस दौरान आरोपियों ने किसी को भी बताने पर स्थानीय पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिए जाने की धमकी दी।



### कहा था, शराब पी तो दे दूंगी जान, पति पर मामला दर्ज

## शराबी पति से प्रताड़ित होकर नव विवाहिता ने लगाई फांसी

भोपाल, दोपहर मेट्रो

भोपाल। कोलार थाना क्षेत्र स्थित दामखेड़ा सर्वधर्म कॉलोनी में गत 7-8 जनू की दरमियानी रात एक नवविवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने जांच के बाद मृतका के पति पर आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया है। दरअसल, मृतका के पति ने पुलिस को बताया कि शनिवार रात पत्नी से मोबाइल पर कहासुनी हुई थी। उसने बताया था कि दोस्तों के साथ वह शराब पार्टी करने जा रहा है। पत्नी ने उसे शराब पीने से मना किया। वह जान देने की धमकी दे रही थी। पुलिस के अनुसार दामखेड़ा सर्वधर्म निवासी 21 वर्षीय संगीता कपाड़िया की शादी वर्ष 2021 में इलाके में रहने वाले छोटू के साथ हुई थी। छोटू पुताई का काम करता है। शनिवार 8 जून की रात संगीता ने पति को जल्दी घर पहुंचने के लिए कॉल किया। छोटू ने बताया कि वह दोस्तों के साथ शराब पार्टी करने जा रहा है। पत्नी ने उसे कहा कि तुम सुधर क्यों नहीं रहे हो। कई बार शराब छोड़ने के लिए कह चुकी हूं। मोबाइल पर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। संगीता ने उसे कहा था कि यदि शराब पीकर घर आए तो जान दे दूंगी। छोटू ने पत्नी की धमकी को मजाक समझ कर अनसुना कर दिया। वह दोस्तों के साथ शराब पीने चला गया। रात करीब एक बजे घर लौटा तो पत्नी फंदे पर लटकी मिली। फौरन उसे फंदे से उतारकर अस्पताल पहुंचाया। लेकिन उससे पहले ही मौत हो चुकी थी।

## पति प्रताड़ना से दुखी होकर नव विवाहिता ने दी थी जान

भोपाल, दोपहर मेट्रो

भोपाल। एमपी नगर थाना क्षेत्र स्थित 16 जून की सुबह नव विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। मायके पक्ष ने पति पर गंभीर आरोप लगाए थे। मायके पक्ष यह तक आरोप लगाए थे कि बेटी ने आत्महत्या नहीं की, बल्कि उसकी हत्या की गई है। मामला नव विवाहिता से जुड़ा होने के कारण मर्ग जांच एसीपी द्वारा की गई। जांच के बाद पति के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार 25 साल की फरहा खान राजीव नगर में रहती थी। उसकी शादी उसी के मोहल्ले में रहने वाले आटो चालक आमिर खान से हुई थी। मृतका की मां शमा खान ने बताया कि दामाद आमिर की भतीजी हमारे बेटे से मैसेज पर बात करती थी। आमिर को जब यह पता चला तो वह फरहा से झगड़ा करने लगा। रविवार को भी उसे मोबाइल में मैसेज मिले तो फरहा को फटकार लगाई थी। जिसके बाद उसने मायके पहुंचकर अपने छोटे भाई को समझाइश दी। बाद में दामाद के बुलाने पर वापस ससुराल लौट आई। सुबह 6 बजे आमिर ने कॉल कर बताया कि उसने फांसी लगा ली है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया। एसीपी ने मर्ग जांच की तो पता चला कि पति आमिर खान उसे दहेज के लिए प्रताड़ित कर रहा था। दहेज नहीं देने पर उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहा था।

**मेट्रो एंकर**

### आधा दर्जन अन्य नाबालिगों का नहीं लगा सुराग

# राशन लाने के बजाए बस में बैठकर निकल गए नाबालिग सगे भाई, देर रात बाड़ी थाने में दोनों बच्चों को उतारा

भोपाल, दोपहर मेट्रो

भोपाल। राजधानी में पिछले चौबीस घंटों के भीतर विभिन्न इलाकों से आधा दर्जन से ज्यादा नाबालिग बगैर बताए घर से लापता हो गए। खजूरी सड़क इलाके से एक साथ चार नाबालिग घर से गायब हुए थे। इनमें से दो सगे भाइयों को देर रात बाड़ी थाने में सकुशल बस से उतार लिया गया। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि दोनों नाना-नानी की याद आने पर बस में बैठकर अनूपपुर जाने के लिए निकले थे। इसी इलाके से लापता हुई दसवीं कक्षा की सहेलियों को सीहोर पुलिस ने अपने संरक्षण में लिया है।

पुलिस टीम दोनों को लाने के लिए रवाना हो गई है। जानकारी के अनुसार मूलतः अनूपपुर जिले के रहने वाला एक दंपति यहां ग्राम बरखेड़ा सालम में रहता है और मजदूरी करता है। दंपति को 11 और 14 साल के दो बच्चे हैं। गुरुवार सुबह माता-पिता काम पर गए थे, जबकि दोनों भाई घर पर थे। मां ने बच्चों को एक हजार रुपए देकर घर का राशन लेकर रखने का बोला था, लेकिन दोनों बच्चे घर से गायब हो गए। आसपास तलाश करने के बाद भी जब उनका कुछ पता नहीं चला तो परिजनों ने थाने पहुंचकर घटना की सूचना दी। एसआई संतराम खन्ना ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल ही पुलिस की चार टीमें बनाई गई। एक टीम हलालपुरा, दूसरी नादरा



बस स्टैंड, तीसरी भौंरी और चौथी टीम के घर के आसपास तलाश में लगाया गया। जांच के दौरान पता चला कि दो बच्चों ने हलालपुरा बस स्टैंड से शहडोल जाने वाली बस में सवार टिकट लेकर सवार हुए थे। पुलिस ने जब बस के कंडक्टर से संपर्क किया तो उसने बताया कि दो बच्चे बस में बैठे हुए हैं। पुलिस ने जब दोनों बच्चों को फोटो बुलाकर परिजनों को दिखाए तो उन्होंने दोनों को अपने बेटों के रूप में पहचान लिया। देर रात बाड़ी में सकुशल उतारे गए बच्चे एसआई खन्ना ने बताया कि कंडक्टर से संपर्क करने पर बस औबेदुल्लागंज से करीब पचास किलोमीटर आगे पहुंच चुकी थी। उसके बाद कंडक्टर और चालक को बस सीधे बाड़ी थाने ले जाने का बोला गया। ड्रायवर ने थाने ले जाकर बस खड़ी की जहां दोनों बच्चों को सकुशल उतार लिया गया। उसके बाद भोपाल से पहुंची टीम दोनों बच्चों को लेकर आई और परिजनों के हवाले कर दिया। पूछताछ में बच्चों ने बताया कि उनको नाना-नानी की याद आ रही थी, इसलिए राशन के रुपयों से उन्होंने छह सौ के टिकट खरीद लिये और बस में बैठ गए थे। सीहोर के कोतवाली पहुंची लापता सहेलियां खजूरी सड़क इलाके में ही रहने वाली दो नाबालिग किशोरियां गुरुवार सुबह करीब ग्यारह बजे एक साथ घर से बगैर बताए लापता हो गई थी। पुलिस ने दोनों के अपहरण का केस दर्ज कर उनकी तलाश में अलग-अलग टीमों को लगाया गया था, लेकिन रातभर की तलाश के बाद उनका कुछ पता नहीं चल पाया था। उसके बाद पुलिस ने किशोरियों को लापता होने की जानकारी आसपास के जिलों की पुलिस को भी नोट करवाया था। शुक्रवार सुबह सीहोर की कोतवाली पुलिस ने सूचना दी कि दोनों बच्चियां सकुशल पुलिस के संरक्षण में हैं। उसके बाद खजूरी सड़क थाने की एक टीम उन्हें लाने के लिए रवाना हो गई। इधर जहांगीराबाद, कोलार और बजरिया इलाके से लापता हुए नाबालिगों का फिलहाल कुछ पता नहीं चल पाया है। सभी की तलाश में पुलिस टीम लगाई गई है। -

## एक्टिवा सवार लुटेरे ने महिला का पर्स झपटा

भोपाल, दोपहर मेट्रो

भोपाल। कमला नगर थाना क्षेत्र स्थित हरीश चौक के पास पैदल जा रही महिला से एक्टिवा सवार बदमाश ने पर्स झपट लिया। झपटे गए पर्स में मोबाइल और आधार कार्ड सहित अन्य दस्तावेज थे। महिला ने झपटमारी कर भागे बदमाश की एक्टिवा का नंबर देख लिया है। घटना की शिकायत पर पुलिस ने झपटमारी का मामला दर्ज कर लिया है। एक्टिवा के नंबर के आधार पर आरोपी की तलाश की जा रही है।

पुलिस के अनुसार ज्योति वर्मा पति बलराम वर्मा कोटरा (39) कोटरा सुल्तानाबाद में रहती हैं और गृहणी है। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि शुक्रवार सुबह वह घर से बैंक जाने के लिए निकली थी। इस दौरान उनके मोबाइल पर कॉल आ गया। वह मोबाइल पर बातचीत करते हुए जाने लगे। वह पौने 11 बजे के आसपास हरीश चौक के पास पहुंची ही थी। बात खत्म होने पर उन्होंने मोबाइल पर्स में रखा और आगे बढ़ी। इसी बीच पीछे से आए एक्टिवा सवार ने उनके हाथ कंधे पर लटका पर्स झपट लिया।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया**
**संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022